नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, सोमवार 26 जुलाई 2021, शुक्ल पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-166 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोई लाख कहे कि मैं डरपोक नहीं हूं, किसी को को किसी से डरना नहीं चाहिए लेकिन सच तो यह कि डर सब को लगता है। चोर अपने पकड़े जाने से डरता है तो साहूकार अपना धन चोरी हो जाने से डरता है। वैसे देखा जाए तो डरना जरूरी है। भ्रष्टाचारियों को कानून से डरना ही चाहिए। बेईमानों को तो डर से थर-थर कांपना चाहिए लेकिन हो रहा है उलटा। बेईमान तो बेखौफ है और ईमानदार डरा-डरा रहता है। बेचारा डर के आगे जीत की उम्मीद करता है लेकिन उसे डर के आगे डर ही दिखता है।

दंतेश्वरी फाइटर और डीआरजी जवान जंगलो में नक्सलियों को दे रहे हैं चुनौती

उफनती नदी नालों को पार कर ऑपरेशन को दे रही हैं अंजाम

2 सालो में 40 नक्सलियों को मार गिराने में दंतेश्वरी फाइटर की अहम भूमिका

पंकज सिंह भदौरिया

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बस्तर के दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी फाइटर महिला कमांडो और डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिज़र्व गार्ड) जवानों की टोली है,जो बरसात में थमने का नाम नही ले रहे है। इनका हौसला इतना बुलंद है कि ये नक्सलवाद की छाती में चढ़कर नक्सलवाद खात्मा करके ही दम लेगी। इसके लिये ये उफ़नती नदी-नालों ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

ऑपरेशन के लिए तैयार ये जवान

डीआरजी और दंतेश्वरी महिला कमांडो के जवानों का कहना है कि मानसून सीजन में भी हमने लगातार नक्सलियों के ख़िलाफ़ ऑपरेशन चालू रखा है। लगातार बारिश के कारण नदियों नालों में जलस्तर बढ़ गया है। इसके बावजूद हमारी महिला डीआरजी और पुरुष डीआरजी नदी नालों को पार करते हुए नक्सली इलाको में ऑपरेशन कर रही है। नदी नालों को पार करने के लिए इन्हे स्पेशल ट्रेनिंग के साथ ही स्पेशल जूते, रैनकोर्ट, छतरी और स्पेशल दवाईयों का कीट भी दिया गया है। बारिश के समय बिजली गिरने से कैसे बचना है यह भी जवानों को सिखाया गया है।

दो सालों में 30 से अधिक मुठभेड़

दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि बीते दो सालों में 30 से भी अधिक नक्सलियों के अलग अलग ठिकानों में मुठभेड़ हुई है। जिन पर 40 से अधिक नक्सली मारे गये है। इन्ही सभी मुठभेड़ों में दंतेश्वरी की महिला कमांडो भी संयुक्त ऑपरेशन में शामिल रही है। मानसून सीजन में पहले फोर्स कम निकलती थी तब नक्सली ग्रामीण इलाकों में पहुँचकर आराम से ट्रेनिग करते हैं ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

विधायक बृहस्पत सिंह के फॉलो गार्ड पर कथित हमले का मामला गरमाया

विधायक ने लगाया मंत्री सिंहदेव पर हत्या का आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि टीएस सिंहदेव मेरी हत्या भी करा सकते हैं। रामानुजगंज के आदिवासी विधायक बृहस्पत सिंह पर शनिवार रात हुए हमले के बाद से छत्तीसगढ़ राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। इधर रविवार को विधायक बृहस्पत सिंह के घर पर 20 विधायक पहुंचे थे। इस दौरान बृहस्पत सिंह ने ये गंभीर आरोप स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव पर लगाया है।

विधायक बृहस्पत सिंह ने कहा कि भूपेश बघेल अच्छा काम कर रहे हैं। 20-25 साल सीएम के पद पर बने रहेंगे। ये बात टीएस सिंहदेव और उनके परिवार को नागवार गुजरी। बदला लेने के लिए शनिवार रात हमला हुआ। उन्होंने कहा कि विधायक दल की बैठक में इस विषय पर बात रखेंगे। साथ ही एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया से भी अनुरोध करेंगे कि जो मंत्री छवि खराब कर रहे हैं, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाएं। गुंडागर्दी करने वाले विधायक और मंत्री पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस घटना की शिकायत कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को पत्र लिखकर कर दिया गया है।

पुलिस में दर्ज प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार विधायक के फ़ॉलोगार्ड वाहन के चालक सुदर्शन सिंह ने रात में घटी इस घटना पर आरोपी सचिन सिंह पर वाहन रोककर गाली गलौज करने आदिवासी विधायक का नाम लेकर गाली गलौज करने और उसे भी गंदी गालियां देकर चाबी छीन लेने वाहन के कांच को चाबी से क्षतिग्रस्त कर वाहन में लात मारने की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। फॉलोऑन वाहन इनोवा के चालक ने उक्त वाहन में पीएसओ अनूप द्विवेदी प्रवीण कुमार सिंह ललन यादव हवलदार देवसाय फोटोग्राफर राहुल कश्यप के होने की जानकारी दी और इस बात की आशंका व्यक्त किया कि यदि वाहन में विधायक होते तो उनके साथ ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

विधायक के फॉलो गार्ड से बदसलूकी का मामला

दरअसल, शनिवार 24 जुलाई की रात बंगाली चौक के समीप रामानुजगंज के विधायक बृहस्पति सिंह के फॉलोगार्ड के वाहन में चालक के साथ बदसलूकी, कथित मारपीट व वाहन का कांच क्षतिग्रस्त कर देने का आरोप सचिन सिंहदेव पर लगाते हुए घटना के तुरंत बाद कोतवाली थाने में आईजी, एसपी, एसडीएम, की उपस्थिति में विधायक बृहस्पति सिंह ने अपने समर्थकों के साथ धौरपुर पैलेस के सचिन सिंह व दो चालकों के विरुद्ध रिपोर्ट लिखाया। इस दौरान विधायक इस मामले में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के इशारे पर उनके काफिले पर हमले के बाद भी कहते रहे।

विधायक दल की बैठक में रखी गई बात

रविवार को मुख्यमंत्री निवास में कांग्रेस विधायक दल की बैठक देर शाम रखी गई,जो पूर्व नियोजित थी। इस बैठक में प्रभारी पीएल पुनिया सहित सभी मंत्री और विधायक भी मौजूद हुए। 26 जुलाई से शुरू होने वाले विधानसभा के मॉनसून सत्र में विपक्ष को घेरने की रणनीति बनाने ये बैठक आहूत थी। लेकिन विधायक बृहस्पत सिंह के आरोप ने बैठक की दिशा ही मोड़ दिया है।

सिंहदेव ने दी सफाई

स्वस्थ्य मंत्री सिंहदेव ने विधायक दल की बैठक से निकलने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा सभी साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह उनकी नाराजगी हो सकती है। उनसे बात करके नाराजगी दूर करने की कोशिश वे करेंगे। यह उनकी भावना है शायद इसीलिए इस तरह की बातें उठ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस मसले पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रभारी पीएल पुनिया से कोई बात नहीं हुई है।सिंहदेव ने बताया कि पूरी समस्या को बातचीत के माध्यम से सुलझा लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता मुझे अच्छी तरह से जानती हैं,सिंहदेव परिवार ने क्षेत्र में क्या काम किया है और क्या नहीं किया यह वहां की जनता भली-भांति जानती है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने इस घटना में अपना नाम आने पर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही है।

खास-खबर

100 करोड़ की धोखाधड़ी मामला

दिल्ली पुलिस ने IL&FS कंपनी के एमडी को मुंबई से किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक कंपनी के प्रबंध निदेशक को 2018 में धोखाधड़ी, जालसाजी और करीब 100 करोड़ रुपये की आपराधिक हेराफेरी से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आरोपी रामचंद करुणाकरण ने धन की हेराफेरी में अहम भूमिका निभाई थी। वह आईएल एंड एफएस (IL&FS) रेल लिमिटेड के निदेशकों में से एक थे और आईएल एंड एफएस (IL&FS) ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क लिमिटेड के प्रबंध निदेशक थे। पुलिस ने कहा कि करुणाकरण को 20 जुलाई को मुंबई में गिरफ्तार करने के बाद अदालत में पेश किया गया था और मामले में आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। पुलिस के अनुसार, 2018 में एंसो इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर आशीष बेगवानी की शिकायत पर एक मामला दर्ज किया गया था।

एम्स में प्रदेश का सबसे अधिक क्षमता का पीएसए आक्सीजन प्लांट स्थापित

- प्रतिमिनट एक हजार लीटर आक्सीजन उत्पादन की क्षमता होगी
- 30 अत्याधुनिक हेमील्टन वेंटीलेटर भी एम्स में कार्यशील किए गए

रायपुर। छत्तीसगढ़ का सबसे अधिक क्षमता का प्रेशर स्विंग एब्जोपर्शन (पीएसए) आक्सीजन प्लांट अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर में स्थापित किया गया है। यह प्लांट प्रतिमिनट एक हजार लीटर आक्सीजन के उत्पादन की क्षमता रखता है। यह वातावरण से वायु लेकर उसे आक्सीजन में परिवर्तित करेगा जिसे पाइपलाइन के माध्यम से एम्स के विभिन्न वार्डों तक पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा एम्स में 30 अत्याधुनिक वेंटीलेटर भी कार्यशील कर दिए गए हैं। इन दोनों की मदद से कोविड की संभावित तीसरी लहर की चुनौती का मुकाबला करने में काफी मदद मिलेगी।

एम्स में पूर्व में ही 30 हजार लीटर क्षमता का आक्सीजन प्लांट स्थापित है। यह अस्पताल में आक्सीजन सप्लाई का प्राथमिक स्त्रोत है। इसके अलावा 98 सिलेंडर की अतिरिक्त व्यवस्था भी है जो द्वितीयक स्त्रोत के रूप में आक्सीजन सप्लाई का कार्य करते हैं। तृतीयक स्त्रोत के रूप में पीएसए प्लांट स्थापित किया गया है। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि यह प्लांट डीआरडीओ और एनएचएआई के संयुक्त प्रयासों से स्थापित किया गया है। इसकी क्षमता एक हजार लीटर आक्सीजन प्रति मिनट उत्पादित करने की होगी। एम्स को कोविड की दूसरी ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

अब हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में बड़ा हादसा

चलते टैंपों पर टूटकर गिरीं चट्टानें, 9 की मौत

शिमल (ए.)। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में रविवार को चट्टान खिसकने के चलते नौ लोगों की जान चली गई। यह हादसा तब हुआ जब भूस्खलन के बाद चट्टानें चलते टेंपो ट्रैवलर पर गिर गईं। जानकारी के मुताबिक हादसे में नौ लोगों की जान गई है। वहीं चार लोग घायल हुए हैं। समाचार एजेंसी एनएनआई ने हादसे का दिल दहलाने वाले वीडियो जारी किया है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा रविवार को दोपहर 1.30 बजे ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

नहीं हो सकी है पहचान

इस हादसे में जान गंवाने वाले कौन हैं, इस बारे में अभी जानकारी नहीं मिल सकी है। बताया गया है कि टैंपो ट्रैवलर में सवार सभी लोग अलग-अलग जगहों के रहने वाले थे। आठ यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था, वहीं एक अन्य की मौत अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में हुई। एक स्थानीय व्यक्ति भी हादसे की चपेट में आया है। चट्टानें गिरने के चलते वहां पर खड़े कई अन्य वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री ने सफल विद्यार्थियों को दी बधाई

हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा परिणाम घोषित

- 97.43 प्रतिशत परीक्षार्थी उतीर्ण
- बालिकाओं का प्रतिशत 98.06 और बालकों का प्रतिशत 96.69

रायपुर (नवप्रदेश)। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम ने आज छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2021 का परिणाम ऑनलाईन घोषित किया। घोषित परीक्षाफल 97.43 प्रतिशत रहा। इसमें उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 98.06 और बालकों का प्रतिशत 96.69 है। इस अवसर पर संसदीय सचिव द्वय विकास उपाध्याय और द्वारिकाधीश यादव, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला, मण्डल के सचिव प्रोफेसर व्ही.के.गोयल, मण्डल के सदस्य और अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी परीक्षा में सफल सभी परीक्षार्थियों को बधाई और ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

मन की बात में बोले पीएम मोदी

त्योहारों के दौरान भूले नहीं कि कोरोना अब भी है

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 11 बजे अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए राष्ट्र को संबोधित किया। यह कार्यक्रम का 79वां संस्करण थाा। इसे आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार और मोबाइल एप पर भी प्रसारित किया गया। पीएम मोदी ने टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय दल के जिक्र से बात शुरू की। उन्होंने कहा- दो दिन पहले कुछ अद्भुत तस्वीरें सामने आईं। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों को तिरंगा लिए चलते देखकर मैं ही नहीं पूरा देश रोमांचित हो उठा। आधिकारिक बयान के अनुसार पीएम मोदी का यह रेडियो कार्यक्रम आकाशवाणी, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध है।

चीन की वजह से खतरे में पड़ी हज़ारों भारतीय नाविकों की नौकरी

नई दिल्ली (ए.)। चीन अक्सर भारत के लिए कुछ न कुछ मुसीबत खड़ी करता रहता है। उसकी ताजा हरकत से एक बार फिर से कुछ ऐसा ही इशारा मिल रहा है। बीजिंग ने उन जहाजों के चीनी बंदरगाहों पर पर आने से रोक लगा दी है, जिन भारतीय काम कर रहे हैं। समुद्री श्रमिकों के एक संगठन ने इस अनाधिकारिक प्रतिबंध का जिक्र किया है। ऑल इंडिया सीफेयरर एंड जनरल वर्कर्स नाम के इस संगठन इसको लेकर बंदरगाह, जहाजरानी और समुद्री जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल को पत्र लिखा है।

लाभ पर उठता सवाल — 21 प्रकार के योजनाओं में से गिनती के ही योजनाएं इन तक पहुंच पाती है

आज भी सरकारी योजनाओं से वंचित हैं कमार भूंजिया जनजाति

टेकलाल प्रधान

देवभोग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कमार भूंजिया जनजाति को लाभ पहुंचाने कई सरकारी योजनाओं की शुरुआत की गई, लेकिन इन जनजातियों तक पहुंची कुछ ही योजनाएं। 21 प्रकार के योजनाओं का लाभ कमार भूंजिया जनजाति के लोगों को किस तरह से मिल रहा है, यह कमार भूंजिया जाति के लोगों की तस्वीर देखकर आकलन किया जा सकता है।

मतलब साफ है कि अधिकांश योजना जिम्मेदार अधिकारी और गिनती के लोगों तक पहुंच कर सिमट जाती है। जबकि पढ़ाई ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

करोड़ों का खर्च पानी में

इसके अलावा सरकार द्वारा कमार परिवारों की आर्थिक स्थिति बढ़ाने बांस, टोकरी एवं सुपा सहित अन्य निर्माण की व्यवस्था के लिए भी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कमार भूंजिया लोगों को जंगल के बीच आवागमन में सहूलियत मिल पाए, इसके लिए स्थानीय विकास कार्यक्रम अंतर्गत पुल, पुलिया, रपटा, भवन, चिकित्सा, आवास का निर्माण कराने के लिए लाखों करोड़ों रुपए आवंटित किया जाता है। मगर आज भी जंगल में निवास कर रहे कमार भूंजिया जनजाति के लोग पगडंडी मार्ग से छोटे-छोटे नाले को पार कर आवागमन करने को मजबूर हैं।

मुख्यधारा से कोसो दूर

सड़क पुलिया व्यवसाय की सहायता नहीं मिलने से कमार भूंजिया जनजाति के लोग बदहाली का जीवन यापन करने को विवश हैं। बताया जाता है कि कमार और भूंजिया जनजाति के लोगों के लिए अलग-अलग कई योजनाएं संचालित है। लेकिन यह योजना गरियाबंद कार्यालय से शुरू होकर कार्यालय पर ही दम तोड़ देती है। यही कारण है कि 70 सालों बाद भी कमार भूंजिया के भोले भाले लोग समानता की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाए हैं। जिसकी खबर ना विभागीय मंत्री को होती है और ना जिला के मुखिया को। क्योंकि आदिवासी विकास प्राधिकरण के अधिकारी कागज पर योजनाओं का क्रियान्वयन कर गुमराह करने की बात कही जाती है। शायद यही वजह है कि कई बार योजनाओं की जांच की मांग उठ चुकी है, लेकिन सांठगांठ के चलते जांच पर कार्यवाही भी नहीं हो पाता।

ममता बनर्जी ने दिल्ली में बुलाई विपक्षी नेताओं की बड़ी बैठक

- 2024 के लिए एंटी-बीजेपी फ्रंट की तैयारी या कुछ और...

नई दिल्ली (ए.)। बंगाल चुनाव में रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद अब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दिल्ली दौरे 26 से 30 जुलाई के बीच दिल्ली दौरे पर आ रही हैं। यूं तो ममता बनर्जी इस दौरान पीएम मोदी से भी मुलाकात करने वाली हैं लेकिन ठीक उसी दिन दीदी ने विपक्षी पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं के साथ भी बैठक रखी है। इस बैठक को लेकर अब एक बार फिर से यह कयासबाजी शुरू हो गई है कि क्या ममता 2024 के लिए एंटी-बीजेपी फ्रंट बनाने की तैयार में जुट गई हैं।

टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं के मुताबिक, दिल्ली दौरे पर ममता बनर्जी बंगा भवन में विपक्षी पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर सकती हैं, जिसके लिए उन्होंने निमंत्रण भी भेज दिए हैं। मीटिंग फिलहाल 28 जुलाई को दोपहर तीन बजे रखी गई है। इससे पहले उसी दिन ममता बनर्जी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दोपहर में मिलेंगे।

ममता बनर्जी ने 21 जुलाई की बैठक के दौरान एनसीपी चीफ शरद पवार और कांग्रेस नेता पी. चिंदबरम से विपक्षी नेताओं की एक बैठक आयोजित करने को लेकर कहा था। टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के मुताबिक, अब टीएमसी ■ **शेष पृष्ठ 6 पर**

श्री महावीर कोविड वैक्सीनेशन सेंटर में जुटी लोगों की भीड़

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में 4 दिन बाद कोविड वैक्सीनेशन पुनः शुरू हुआ। फलस्वरुप रविवार को कोविड वैक्सीनेशन के लिए सेंटरों में लोगों की भारी भीड़ जुटी। यहां युवाओं ने उत्साह के साथ वैक्सीन लगवाकर विक्ट्री साइन दिखाकर अपनी खुशियों का इजहार किया, वहीं महिला व पुरुष भी वैक्सीन लगवाने में कहीं पीछे नहीं रहे। दुर्ग शहर में कोविड वैक्सीनेशन के लिए 19 सेंटर बनाए गए थे। इन सेंटरों में से एक श्री महावीर केयर सेंटर आजाद हॉस्टल मालवीय नगर में वैक्सीनेशन के लिए लोगों की सुबह से कतारें लगी रही। जिन्हें बारी.बारी से कोविड वैक्सीन लगा गए। कोविड वैक्सीनेशन के लिए श्री महावीर केयर सेंटर में लोगों के बैठने, आधे घंटे विश्राम, पेयजल के अलावा चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था की गई है। इससे यहां की व्यवस्था को काफी प्रशंसा मिल रही हैं। जिसकी वजह से यह सेंटर कोविड वैक्सीनेशन के लिए लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। इसलिए अन्य सेंटरों की अपेक्षा श्री महावीर केयर सेंटर में लोग की ज्यादा भीड़ जुट रही है। श्री महावीर केयर सेंटर के संयोजक दिनेश मारोटी ने बताया कि जिला स्वास्थ विभाग द्वारा रविवार को सेंटर को 5 सौ डोज में वैक्सीन उपलब्ध करवाई गई थी। इन वैक्सीन में कोविशील्ड व कोवैक्सीन शामिल है। इन वैक्सीन के प्रथम व द्वितीय डोज हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार पूरी व्यवस्था के साथ लगाई गई। श्री महावीर केयर सेंटर में दिनेश मारोटी के अलावा दिलीप मारोटीए उत्तम बरडियाए किशोर कोचरए विमलेश कोचर एवं जैन समाज के अन्य सदस्य अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिला स्वास्थ विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कोविड वैक्सीन खत्म होने की वजह से जिले में पिछले 4 दिनों से वैक्सीनेशन कार्य बंद था। शनिवार को जिले को 25800 डोज कोकोवीशीलड और 8400 डोज कोवैक्सीन मिली है। फ्लस्वरूप रविवार से जिले में वैक्सीनेशन पुनरू शुरू किया गया है। यह वैक्सीन सेंटरों में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक लगाए हैं।

उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कृषि विभाग द्वारा जिले में खाद के स्टाक को जांच करने हेतु निजी प्रतिष्ठानों द्वारा डीएपी एवं यूरिया खाद का स्टॉक कर मुनाफाखोरी ना हो इस हेतु विकासखंड दुर्ग के उर्वरक प्रतिष्ठानों का विनय पोयम अनुविभागीय अधिकारी, एसएस राजपूत उपसंचालक कृषि, सुचित्रा दरबारी जिला उर्वरक निरीक्षक एवं सहायक संचालक कृषि कुबेर सिंह प्रभारी प्रकोष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड, अमित जोशी उर्वरक निरीक्षक एवं कृषि विकास अधिकारी विकासखंड तथा अन्य कृषि अधिकारियों द्वारा आज उर्वरक संस्थानों में कालाबाजारी एवं अधिक दर पर उर्वरक विक्रय करने के संबंध में औचक निरीक्षण लिया तथा शासन द्वारा निर्धारित दर उर्वरकों का विक्रय करना पाया गया। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपसंचालक कृषि दुर्ग एवं जिला उर्वरक निरीक्षक एवं सहायक संचालक कृषि द्वारा मेसर्स अग्रवाल कमर्शियल कंपनी दुर्ग, मेसर्स मधुबन ट्रेडर्स नगपुरा, मेसर्स ताम्रकार एग्रोटेक को अनियमितता पाए जाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार उर्वरक निरीक्षक पाटन द्वारा 3 उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया एवं उर्वरक निरीक्षक धमधा के द्वारा 5 उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जिसमें से 1 विक्रेता मेसर्स एग्रोटेक बोरी को अनियमितता पाए जाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। कृषि द्वारा विक्रेताओं को उर्वरक नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए समस्त दस्तावेज, अभिलेखों को संधारित कर नियमित रूप से इंद्राज करते हुए निर्देशित किया गया।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शारदा देवी शर्मा पिता/पति स्व. लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी ग्राम न्यू खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 11/1 रकबा 0.886 हे. भूमि को दानकर्ता भूपेन्द्र कुमार शर्मा पिता स्व. लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी ग्राम खुर्सीपार भिलाई से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 06.07.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रुबी विश्वास पति स्व. जी.सी. विश्वास निवासी ग्राम मैत्रीनगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 466/6 रकबा 0.010 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार जी.सी. विश्वास आ. स्व. ए.के. विश्वास की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नीलकमल दानियल पिता जानकीरन दानियल निवासी ग्राम केलाबाड़ी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 768/80 रकबा 0.015 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार जानकीरन दानियल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विशेष सहारे पिता स्व. देवमन सहारे निवासी ग्राम हुडको तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 89/311, 116/53, 117/47 रकबा 0.018 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार देवमन सहारे आ. स्व. बापूजी सहारे की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्रीमती अर्चना सिंह — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202107100400388

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती अर्चना सिंह पति निरंजन सिंह निवासी म.न. 134 रुआबांधा सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	452/19	0.013 हें 1350 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202107100400343

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका खेमू साहू पति तरुण कुमार साहू निवासी रिसाली भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1313 रकबा 0.320 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202107100400347

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री युवराज साहू आ. आर.बी. साहू निवासी धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 565/14 रकबा 0.080 हें/ 1650 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202107100400348

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक उत्तम कुमार सिन्हा आ. सेवकराम सिन्हा निवासी धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 598/8 रकबा 0.017 हें/ 1800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती रत्ना खडसे पति श्री वैभव खडसे निवासी प्लाट नं. 449/7, सड़क नं. 17 श्याम डेयरी के पास आशीष नगर वेस्ट रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. की है, तथा मेरे पक्षकार के पुत्र रुद खडसे का जन्म दिनांक 04.11.2020 को जवाहर लाल नेहरु चिकित्सा एवं अनुसंधान केन्द्र सेक्टर-9 भिलाई में हुआ है। मेरी पक्षकारा के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में माता के नाम स्थान पर मेरे पक्षकारा का त्रुटीवश नाम रत्ना वैभव खडसे उर्फ रत्ना खडसे (RATNA VAIBHAV KHADSE ALIAS RATNA KHADSE) दर्ज हुआ है। मेरी पक्षकार का नाम रत्ना खडसे (RATNA KHADSE) है जो मेरे पक्षकार के पास पोर्ट एवं आधार कार्ड में दर्ज है। मेरी पक्षकार पुत्र रुद के जन्म प्रमाण पत्र में अपना त्रुटीपूर्ण दर्ज नाम रत्ना वैभव खडसे उर्फ रत्ना खडसे (RATNA VAIBHAV KHADSE ALIAS RATNA KHADSE) के स्थान पर अपना सही नाम रत्ना खडसे (RATNA KHADSE) दर्ज करावेगी। रत्ना वैभव खडसे उर्फ रत्ना खडसे तथा रत्ना खडसे दोनों नाम की एक ही महिला अर्थात मेरी पक्षकारा के नाम है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, बैक, समिति व अन्य को कोई भी आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के भीतर मेरे वर्णित पते पर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। म्याद अवधि पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही रहेगा।

सो सूचना जाने।

सुदेश पेटे- अधिवक्ता
57/12 राधिका नगर
सुपेला भिलाई जिला दुर्ग
मो. 9827906567

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा 2 तह. धमधा जिला दुर्ग
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21
ई. पंजी. 202107104000114
मौजा- ढौर प.ह.न. 45

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती भुनेश्वरी बाई साहू पति स्व. शारदा प्रसाद साहू वगै. साकिन ढौर तहसील धमधा व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन किया है कि मौजा ग्राम ढौर प.ह.न. 45 रा.नि.मं. अहिवारा तहसील धमधा स्थित भूमि खसरा नंबर 241/2, 242/1, 246, 595 रकबा 0.69, 1.48, 0.49, 0.50 हे. भूमि को राजस्व अभिलेख में शारदा प्रसाद साहू आ. स्व. बिसंभर साहू के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूधारक/सहखातेदार शारदा प्रसाद साहू आ. स्व. बिसंभर साहू की मृत्यु दिनांक 17.04.2021 को होना लेख कर मृतक भूधारक का नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसानों का नाम फौती नामांतरण दर्ज करने हेतु इस न्यायालय में निवेदन किया है। जो प्रक्रियाधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में विधिक आपत्तियों/ दावा रखने वाला व्यक्ति/संस्था स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 10.08.2021 को स्थान उप तहसील अहिवारा में लिखित आवेदन कर निवेदित कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, अहिवारा 02

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 20210710100132
विषयः अ-06 — वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- के.पी. सिंह
अनावेदक पक्षकार-

आवेदक श्री के.पी. सिंह पिता एन.एन. सिंह निवासी कृपाल नगर कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 7277/3 रकबा 0.020 हे. है जो आवेदक की माता स्व. सिंगारो देवी पति नगनारायण सिंह के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी सिंगारो देवी पति नगनारायण सिंह की मृत्यु दिनांक 28.06.2018 एवं एन.एन. सिंह की मृत्यु दिनांक 04.12.1997 को हो जाने के कारण फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 20210710100133
विषयः अ-06 — वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- अंजुम आरा
अनावेदक पक्षकार-

आवेदिका अंजुम आरा पिता स्व. जहिर निवासी सेक्टर-2 भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 56/113 रकबा 0.011 हे. है जो आवेदिका के पति स्व. जहिर अहमद खलील अहमद के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी जहिर अहमद पिता खलील अहमद की मृत्यु दिनांक 15.04.2021 को हो जाने के कारण फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/दानप्राप्तकर्ता श्री राजेश शर्मा पिता स्व. लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी ग्राम न्यू खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 7/4, 7/5 रकबा 0.405 हे. 1936 वर्गफीट भूमि को दानकर्ता भूपेन्द्र कुमार शर्मा पिता स्व. लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी ग्राम खुर्सीपार भिलाई से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 06.07.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री वासुदेव सिंह पिता स्व. जयसिंह ठाकुर अन्य निवासी चिखलदाह तह. व जिला राजनांदगांव के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम पिपरछेड़ी प.ह.नं. 05 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 147/1, 147/2 रकबा 0.410, 0.580 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर हकत्यागकर्ता झुन्नीलाल पिता स्व. लखन सिंह राजपूत के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 11.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गयाराम बंजारे आ. हेमराम बंजारे निवासी डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम डुण्डेरा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 402/1, 410, 414, 417, 871/1 रकबा 0.6500 हें भूमि जो कि ढुलाबाई बेवा मंथिर के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी ढुलाबाई बेवा मंथिर की मृत्यु 19.04.2021 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री प्रशांत कुमार आ. सुरेशचंद साकिन रिसाली के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 609/1 रकबा 0.1216 हे. भूमि धनुष लाल आ. खेदू साव से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 04.06.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 10.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

मा.क्र./क्यू/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक घनश्याम सिंह चंद्राकर साकिन कुथरेल तहसील व जिला दुर्ग अपने दादी बुधाबाई चंद्राकर की मृत्यु दिनांक 05.06.2011 को हो चुकी है उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 30.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मुकेश निषाद आ. स्व. मुन्नालाल निषाद एवं अन्य 03 निवासी अंगारमोती मंदिर के सामने आमापारा बाजार तालाब पार रायपुर द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 05 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 656/49, 904/63 रकबा क्रमशः 0.010, 0.020 हे. जो कि वर्तमान अभिलेख में मुन्नालाल निषाद आ. स्व. मूलचंद निषाद एवं राजेश निषाद के नाम दर्ज है। उक्त दोनों खातेदारो की मृत्यु को हो जाने के कारण उनके वारिसानों का नाम फौती दर्ज किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 04.08.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 06.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक आदित्य कुमार आ. कैलाश साहू निवासी चंगोराभाठा रायपुर द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 05 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 996/117 रकबा 0.01 आरे 752 वर्गफीट जो कि गौरीबाई पति कैलाश साहू के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार की मृत्यु दिनांक 11.09.2020 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07.08.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 14.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पुष्पा बाई साहू पति स्व. दोनेश्वर साहू निवासी छाटा तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम छाटा प.ह.न. 23 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 735/2, 735/3, 735/4, 735/5 रकबा क्रमशः 0.07, 0.17, 0.05, 1.08 हे. कुल रकबा 1.37 हे. जो कि आवेदिका के पति दोनेश्वर साहू एवं अन्य 03 के नाम संयुक्त खाते में दर्ज है। सहखातेदार दोनेश्वर की मृत्यु हो जाने के कारण फौती दर्ज किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05.08.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 05.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रामलाल आ. गुहरीराम निवासी अचानकपुर तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम अचानकपुर प.ह.न. 24 तह. पाटन की आबादी भूमि खसरा नंबर 303/1/26 रकबा 450 वर्गमीटर भूमि आबादी पट्टा जो कि आवेदक एवं शामबाई के नाम पर दर्ज है। शामबाई की फौत दिनांक 04.05.2021 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07.08.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक छगनलाल आ. अलखराम निवासी तर्रा तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम तर्रा प.ह.न. 19 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 655, 694/1 रकबा 0.02, 0.16 हे. कुल रकबा 0.18 हे. जो कि आवेदक एवं उनके भाई मिलाप, राजू एवं माधव के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। सहखातेदार माधो की दिनांक 25.05.2020 को फौत हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30.07.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 14.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गुलजारी लाल साहू आ. मनराखन निवासी गोडपेंडरी पाटन तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम गोडपेंडरी प.ह.न. 23 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 746, 1063, 1067, 1195, 1547 कुल रकबा 0.91 हे. जो कि आवेदक एवं उनकी मां रामकुवर पति मनराखन के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। सहखातेदार रामकुवर की मृत्यु दिनांक 25.04.2021 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05.08.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीती साहू पति स्व. वेदव्यास साहू निवासी म.न. 127 वार्ड 56 उररला दुर्ग मौजा रिसामा प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 555/2 रकबा 0.320 हे. वेदव्यास साहू के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु 29.03.2021 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीती साहू पति स्व. वेदव्यास साहू निवासी वार्ड 57 उररला दुर्ग मौजा बिरेझर प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. अंजोरा ख तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 979 रकबा 0.0400 हे. वेदव्यास साहू के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु 29.03.2021 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार तह. बोरी व जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06अ/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय कुमार साहू आ. टीकाराम साहू साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम हसदा प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. बोरी तह. बोरी जिला दुर्ग में स्थित भूमि स्वामी हक का भूमि खसरा नबर 1073 रकबा 0.92 हे. भूमि को रजिस्ट्री बयनामा के माध्यम से क्रय कर स.क्र. 03 दिनांक 20.05.2016 को ह.प. द्वारा प्रमाणीकरण कर किसान किताब जारी किया गया है। किन्तु ऑनलाईन रिकार्ड में सहक्रेता श्रीमती सुधा साहू ध.प. टीकाराम का नाम त्रुटिवश दर्ज नही हुआ है को सुधार करते हुए तथा सहक्रेता श्रीमती सुधा साहू की मृत्यु दिनांक 16.06.2019 को हो जाने के कारण मृतक सहक्रेता का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज ना करते हुए उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः त्रुटि सुधार करते हुए फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि दिनांक 26.07.2021 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, बोरी (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202107100900007
विषयः अ-06 — वर्ष 2020-21
सावनी प.ह.न. 00019(998(0.2700 हे.)
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- रमा बाई
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सावनी प.ह.न. 19 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका रमा बाई पिता झाडूराम निवासी सावनी द्वारा मौजा ग्राम सावनी प.ह.न. 19 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपनी माता शीलाबाई पति झाडूराम के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 998, 1178, 1318, 1391/1 रकबा क्रमशः 0.27, 0.15, 0.35, 0.02 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.79 हे. को भूमिस्वामी भीलाबाई पति झाडूराम द्वारा आवेदिका रमाबाई के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 14.06.2010 के आधार पर वसीयतकर्ती भूमिस्वामी शीलाबाई की दिनांक 29.06.2021 को मृत्यु हो जाने से आवेदित भूमि आवेदिका के नाम नामांतरण किए जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका श्रीमती रमा बाई पिता झाडूराम द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 05.08.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.07.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202107100900057
विषयः अ-06 — वर्ष 2020-21
मटंग प.ह.न. 00029 हे.)
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- चन्द्रिका बाई
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम मटंग प.ह.न. 29 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका चन्द्रिका बाई पति दीनूराम निवासी बोहारडीह तहसील पाटन द्वारा मौजा ग्राम मटंग प.ह.न. 29 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित दीनूराम पिता फुलु जाति गोड़ के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 26, 28 रकबा 1.14, 0.28 हे. की भूमिस्वामी दीनूराम का दिनांक 05.04.2021 को फौत हो जाने से फौती नामांतरण से अपने एवं अन्य वारिसानों के नाम नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका श्रीमती चन्द्रिका बाई पति दीनूराम द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 05.08.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.07.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202107100900058
विषयः अ-06 — वर्ष 2020-21
बोहारडीह प.ह.न. 00027 हे.)
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- चन्द्रिका बाई
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम बोहारडीह प.ह.न. 27 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका चन्द्रिका बाई पति दीनूराम निवासी बोहारडीह तहसील पाटन द्वारा मौजा ग्राम बोहारडीह प.ह.न. 27 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित दीनूराम पिता फुलु जाति गोड़ के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 114, 117, 123, 155, 129, 132, 130, 139, 210, 185, 187, 190, 216, 238, 246, 344, 698, 701, 704, 750, 746, 751, 755 कुल रकबा 3.91 हे. की भूमिस्वामी दीनूराम का दिनांक 05.04.2021 को फौत हो जाने से फौती नामांतरण से अपने एवं अन्य वारिसानों के नाम नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका श्रीमती चन्द्रिका बाई पति दीनूराम द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 05.08.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.07.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202107101000128
विषयः अ-06 — वर्ष 2020-21
कुरुद प.ह.न. 00050 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- श्रीमती राजकौर
अनावेदक पक्षकार-

आवेदक श्रीमती राजकौर पति जोगिन्दर सिंह निवासी न्यू कृष्णा नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 अ रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 901/1 का टु. रकबा 0.011 हे. 1175 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता उधोराम पिता स्व. सुमेर निवासी भाठापारा कुरुद भिलाई से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री टोमलाल साहू आ. बोधनलाल साहू निवासी ग्राम भोथली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 29/19 रकबा 616 वर्गफीट भूमि को विक्रेता मोहम्मद अकरम खोखर पिता हारुन खोखर निवासी ग्राम तमेरपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.03.2021 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोपाल राठी पिता नत्थूलाल निवासी गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके पिता नत्थूलाल के नाम पर ग्राम महमरा प.ह.नं. 26 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 228, 229, 230 रकबा कुल 3.320 हे. भूमि एकल खाता/ शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार नत्थूलाल की मृत्यु दिनांक 28.08.2020 को होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 10.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत, मासूम बालक घायल

रायपुर/नवप्रदेश। अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई था मासूम बालक घायल हो गया। मामले की शिकायत धरसींवा थाने में दर्ज करायी गई है।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोदवा धरसींवा निवासी योगेश कुमार वर्मा 23 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 24 जुलाई को शाम 4 बजे ग्राम बोहरहीधाम से प्रार्थी घनश्याम सेन तुलेश सेन के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम कोदवा जा रहा था तभी ग्राम खुडमुडी मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से मोटरसाइकिल को ठोकर मार दिया।

साइबर आतंकवाद की जिम्मेदार भाजपा की सरकारें

न्यायिक जांच की मांग से हो रही है सिट्टी-पिट्टी गुम

बिना देर किये देश में पेगासस से की गई जासूसी की न्यायिक जांच करायें सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि साइबर आतंकवाद की जिम्मेदार भाजपा की सरकारें है। फ्रांस, मेक्सिको, स्वयं इजराइल ने अपने देश की कंपनी एजेंसियों के पेगासस सॉफ्टवेयर के द्वारा दुनियाभर में हुयी जासूसी की जांच करवाने की घोषणा की है। इस साफ्टवेयर का दुरूपयोग मेक्सिको में एक पत्रकार की हत्या और सउदी अरब में दूसरे देश के दूतावास में एक वरिष्ठ पत्रकार की हत्या जैसे जघन्य मामलों में किया गया भारत में स्वयं मोदी केबिनेट के सदस्यों, सीबीआई के प्रमुख, मुख्य चुनाव आयुक्त, जाने माने पत्रकारों, विपक्षी नेताओं, राहुल गांधी और उनके स्टाफ के नंबरों की हैकिंग पेगासस के द्वारा किये जाने की जानकारी सार्वजनिक हुयी है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि न्यायिक जांच से भाजपा की सिट्टी-पिट्टी गुम हो रही है। पेगासस से जुड़े लोगों के छत्तीसगढ़ आने और यहां पुलिस प्रशासन के बड़े पदों में बैठे कुख्यात लोगों से न केवल मिलने की जानकारी मिली है बल्कि पेगासस से जुड़ी फाइले 2018 में सरकार बदलते ही बीटीआई मैदान शंकर नगर में जलाई गई। हर सबूत मिलने की साजिश रची गयी। एनएसओ कंपनी चाहे जैसे दावे करती रहे कि यह सॉफ्टवेयर सिर्फ आतंक और अपराध

रोकने के लिये और ड्रग माफिया को रोकने के लिये इस्तेमाल किया जाता है। यह जाहिर है कि इसका इस्तेमाल सरकारों ने अपने विरोधियों के खिलाफकिया है और ऐसी ताकत रखने वाला घुसपैठिया सॉफ्टवेयर दुनियाभर में लोकतंत्र को खत्म कर सकता है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि लोकतंत्र के हित में कांग्रेस की मांग है कि सरकार को तो इस बारे में बिना देर किए सर्वोच्च न्यायालय की देखरेख में न्यायिक जांच की घोषणा करनी चाहिए। इससे देश की सरकार अपनी खुद की साख भी बचा सकती है। दुनिया के सभी जिम्मेदार लोकतंत्रों में सरकारों को एक पहल करनी चाहिए कि इस किस्म के घुसपैठिए सॉफ्टवेयर पर रोक लगाई जाए जो कि लोगों की आजादी, लोगों को प्राइवेसी को खत्म कर सकते है। भारत में डाटा प्राइवेसी कानून देश के हर नागरिक और संस्थान को उसके डेटा की सुरक्षा देने के लिये बनाया गया है और जब लोगों के टेलीफोन पर घुसपैठ करके इस तरह से डाटा चोरी किया गया तो उसको जांच और उस पर कार्रवाई भी केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी बनती है, केन्द्र सरकार में अभी तक इस मामले की जांच के बारे में कुछ भी नहीं कहा है। सरकार का संसद के भीतर और संसद के बाहर बयान बहुत ही गोलमाल शब्दों का बयान आया है, जिसमें सरकार ना तो इस साफ्टवेयर के इस्तेमाल की बात मंजूर कर रही है और ना ही इसे इस्तेमाल करने का खंडन कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि नेशनल सिक्यूरिटी कांउसिंल का सचिवालय का यूपीए के वक्त बजट 2011 में 17 करोड़ 43 लाख था। यह बजट मोदी सरकार बनने के बाद 2014-15 में 33 करोड़ कर दिया गया और फिर 2017-18 में 33 करोड़ से बढ़ाकर 333 करोड़ कर दिया। चुनाव के ठीक पूर्व 300 प्रतिशत बजट बढ़ाना मोदी सरकार की जासूसी वाली नीति और नीयत को दर्शाता है। मोदी सरकार स्पष्ट करें कि यह बजट पेगास स्पाइवेयर खरीदने और राजनैतिक उद्देश्यों से उसके दुरूपयोग करने के लिये तो नहीं बढ़ाया गया है।

धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया

रायपुर/नवप्रदेश। मार्निंग वॉक के दौरान अज्ञात बाईक सवार लोगों ने 2 लोगों को बेवजह धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। मामले की शिकायत धरसींवा थाने में दर्ज करायी गई है।मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 07 ग्राम कुंरा धरसींवा निवासी पुरुषोत्तम यादव 46 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि रविवार सुबह 4.30 बजे प्रार्थी अपने साथियों के साथ मार्निंग वॉक पर निकला था तभी तीन अज्ञात बाईक सवार लड़के जिनकी उम्र लगभग 20 से 22 वर्ष के आस-पास थी नजदीक आकर गाड़ी धीरे कर बिना कारण गाली-गलौच कर प्रार्थी के हाथ पर धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया।

न्यूज गैलरी

विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने श्रावण मास के प्रथम सोमवार की प्रदेशवासियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रावण सोमवार में भगवान शिव की पूजा और उपासना होती हैं फलदायी: डॉ. महंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने श्रावण मास के प्रारंभ और प्रथम सोमवार के प्रारंभ होने पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि श्रावण का पहला सोमवार 26 जुलाई 2021 से प्रारंभ हो रहा है. श्रावण मास में सोमवार के दिन का विशेष महत्व है। श्रावण सोमवार में भगवान शिव की पूजा और उपासना करने से सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्रावण माह में भगवान शिव का अभिषेक करना बहुत ही फलदायी होता है, इसलिए श्रावण में लोग रुद्राभिषेक कराते हैं। श्रावण मास भगवान शिव की आराधना के लिए सबसे उत्तम माह माना जाता है। सोमवार के दिन भक्त मंदिरों में जाकर शिवलिंग पर दूध, जल और बेलपत्र चढ़ाते हैं। कोरोना के चलते अनेक देवधाम में इस वर्ष भक्त जल अर्पण नही कर सकेंगे। स्थानीय मंदिर में ही श्रावण सोमवार की पूजा अर्चना करेंगे. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जो भक्त सच्चे दिल से श्रावण सोमवार व्रत करता है और भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना करता है उस पर भोले शंकर भगवान शिव और मां पार्वती का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है।

भारतीय जनता पार्टी किसानों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही : कांग्रेस

उर्वरक और बीज की कमी के लिये मोदी सरकार जिम्मेदार

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी किसानों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्यप्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में जो खाद की कमी के कुछ जगह हालात बने है उसके लिए भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार जिम्मेदार है। केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मांगे गए लगभग 11 लाख टन उर्वरकों की समय पर आपूर्ति नही किया जा रहा। राज्य को अभी तक जितनी आपूर्ति होनी थी केंद्र ने उसका आधे से भी कम सिर्फ 45 फीसदी ही आपूर्ति किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधनमंत्री से राज्य को तीन लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त उर्वरकों की मांग की थी, केंद्र ने इस पर भी कोई जबाब नही दिया। मोदी सरकार की छत्तीसगढ़ के किसानों के प्रति बदनीयती इसी से झलकती है कि छत्तीसगढ़ को केन्द्र ने उसको आबंटित खाद पर 45 प्रतिशत ही दिया है लेकिन मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, पंजाब, हरियाणा जैसे राज्यों को मोदी सरकार ने वहां के लिये आवंटित कोटे का 90 प्रतिशत सप्लाई पूरा कर दिया है।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्यप्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा नेताओं से पूछा कि बताएं किस भाजपा विधायक सांसद ने केंद्र से छत्तीसगढ़ को सरकार के द्वारा मांगे गए उर्वरकों की आपूर्ति शीघ्र करने के लिए पहल की कोई पत्र लिखा। क्या राज्य के किसानों के हित में भाजपा नेताओं का कोई नैतिक अधिकार नही बनता?

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि राज्यो को यूरिया देना केंद्र का काम है पूरे देश मे यूरिया की सप्लाई सही नही हो रही तो उसके पीछे मोदी सरकार जबाबदेह है।

लूट और ब्लैक मेलिंग मामले में आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मुजगहन थाना पुलिस ने लूट और ब्लैकमेलिंग के मामले में गोसवा के नाम से एनजीओ चलाने वाले रवि वर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के सामने पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, मुजगहन थाने में प्रार्थी भगवती साहू ने 9 मार्च को अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। भगवती ने बताया कि वह अपने भाई संजू साहू के साथ अपने घर सिवनी जा रहा था। इसी दौरान धुसेरा नाला के पास आरोपित मिले और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। इसके बाद हमलावरों ने कोरे कागज में हस्ताक्षर करवा लिए। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने घटना स्थल की विवेचना की। आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

प्रथम सावन सोमवार 26 से

सावन माह में शिव की उपासना से भक्तों को मिलेंगे मनोवांछित फल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन मास आज से प्रारंभ हो गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार सावन मास में भोलेनाथ की आराधना करने से भक्तों को मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। शहर के अति प्राचीनतम मंदिर हठकेश्वर महादेव, बूढेश्वर महादेव, दुधाधारी मठ सहित नये पुराने शिवालयों में आज से भक्तों का पूजन हेतु पहुंचना प्रारंभ हो गया है। कोरोना वायरस गाइड लाइन के अनुसार ही भक्तगण एक एक कर मंदिरों में भोलेनाथ का दर्शन लाभ प्राप्त करेंगे। जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक का निर्णय भी मंदिर समिति के पुजारियों द्वारा तय मापदंड के अनुसार भक्तों को नियमानुसार मानना होगा। सावन मास में भोलनाथ की आराधना के लिए मदार का फूल, बेलपतरी, धतुरा, चना दाल, चावल, दूध, शहद आदि का अर्पण करने से भक्तों को शुभ फल की प्राप्ति होती है। पंडित रमानाथ तिवारी के अनुसार सावन मास में भक्तों द्वारा शिवकी भक्ति करने से अनेक पुण्यों का लाभ मिलता है। आज से सावन मास शुरू हो रहा है। इस पवित्र महीने को हर घर में एक त्योहार की तरह मनाया जाएगा। इस परंपरा को लोग सदियों से निभाते चले आ रहे हैं। भगवान शिव की पूजा करने का सबसे उत्तम सावन महीने को माना गया है। धर्म शास्त्रों में भी सावन मास के महत्व का जिक्र मिलता है।

पावन श्रावण मास में भगवान शिव और उनके परिवार की विधिपूर्वक पूजा करने का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन माह में भगवान शिव का अभिषेक करना बहुत ही फलदायी होता है। इसलिए सावन में लोग रूद्राभिषेक कराते हैं। सावन का महीना और सोमवार का दिन दोनों भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है। जब सावन का महीना व सोमवार दोनों एक साथ हो तो सावन सोमवार का महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। मान्यता है कि सावन सोमवार को भगवान शिव की पूजा करने से वह बहुत जल्द ही प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों के सभी पाप नष्ट कर मनोवांछित फल देते हैं।

राज्यपाल ने हायर सेकेण्डरी परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आज जारी कक्षा 12वीं बोर्ड के नतीजों में सफलता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि विद्यार्थियों ने जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है, जो उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने समस्त छात्र-छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि वे भविष्य में इसी तरह निरन्तर आगे बढ़ते रहें और अपने परिवार, राज्य और देश का नाम रोशन करें। सुश्री उइके ने कहा है कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे उनके गुरूजनों और माता-पिता का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है, मैं इसके लिए उन्हें भी बधाई देती हूं।

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद रायपुर संसदीय क्षेत्र श्री सुनील सोनी ने आज जिला अस्पताल पंडरी के कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली । सांसद श्री सोनी ने व्यवस्थाओं की तारीफकी और रायपुर जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे कोविड-19 का वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

दो कैफे में पुलिस ने दबिश देकर नशे पार्टी में शामिल युवक-युवतियों को पकड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में शनिवार की देररात तेलीबांधा थाना पुलिस ने दो कैफे में दबिश देकर नशे पार्टी में शामिल युवक-युवतियों को पकड़ा। पेंडुलम और जूक कैफे में पुलिस ने छापा मारा था। पेंडुलम कैफे में खुलेआम नशे की पार्टी चल रही थी। शहर के अलावा दूसरे जिले दुर्ग, भिलाई के युवक और युवतियां नशे की हालत में मिलीं। सिविल लाइन थाना सीएसपी नसर सिद्दीकी तेलीबांधा सब इंस्पेक्टर दिव्या शर्मा के अगुवाई में कार्रवाई हुई। शहर के पेंडुलम कैफे में खुलेआम नशे का सामान परोसा जा रहा था। शराब की बोतलें, बीयर और हुक्का आदि मौके से मिले हैं। जानकारी के मुताबिक, पेंडुलम और जूक कैफे में देर रात तक नशे की सामग्री शराब, बीयर और हुक्का के कश का दौर चलता है। युवक और युवतियों को शराब परोसी जा रही थी। नशे के कुछ सामान मौके से बरामद किए जाने के बाद पुलिस ने कहा है कि दोनों जगहों पर जल्द ही वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री से सुकमा और बीजापुर के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के प्रतिनिधि मण्डल ने की मुलाकात

सीएम बघेल ने दोनों जिलों में शासकीय योजनाओं की मैदानी स्थिति की ली जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज सवेरे यहां उनके निवास कार्यालय में बस्तर अंचल के सुकमा और बीजापुर जिले के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के प्रतिनिधि मण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से दोनों जिलों में राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं की मैदानी स्थिति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मण्डल से चर्चा के दौरान कहा कि राज्य सरकार द्वारा सुकमा और बीजापुर जिले सहित बस्तर अंचल के लोगों की विकास से जुड़ी सभी जरुरतों को पूरा करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण राज्य शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं। जनप्रतिनिधियों से भी मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने का प्रयास करने के लिए कहा।

ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान बताया कि वनांचलों के अंदरुनी क्षेत्रों के गांवों में भी ग्रामीण सड़क, बिजली, अस्पताल, एम्बुलेंस और बच्चों की शिक्षा के लिए आश्रम-छात्रावास की सुविधाएं चाहते हैं। क्षेत्र में सड़क और पुल, पुलिया का निर्माण हो रहा है। अब कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति से ग्रामीणों का भय दूर हुआ है और उनका अंदरुनी क्षेत्रों में आवागमन आसान हुआ है। लोग शादी-ब्याह और मृत्यु तथा सामाजिक कार्यों के लिए अपने रिश्तेदारों के यहां आ-जा पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। सुकमा में बाइक एम्बुलेंस और हाट बाजार क्लिनिक से स्वास्थ्य कार्यकर्ता ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। गांवों में सोलर लाइट लगायी गयी है। अंदरुनी इलाकों के हाट-बाजार प्रारंभ हुए हैं।

इस अवसर पर सांसद श्री पी.एल.पुनिया, श्री सप्तगिरी उल्का, श्री दीपक बैज, उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, विधायक श्री मोहन मरकाम, श्री विक्रम मण्डावी और श्रीमती देवती कर्मा सहित डॉ. चंदन यादव उपस्थित थे।

उज्ज्वला योजना में 90 प्रतिशत लोग गैस रिफलिंग कराने में असक्षम : राजपूत

गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों से परेशान महिलाएं लकड़ी के चूल्हे में खाना बनाने को मजबूर

रायपुर/नवप्रदेश। हर योजना की तरह केन्द्र सरकार के उज्ज्वला योजना भी असफल रहा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस सहित हर क्षेत्र में महंगाई चरम सीमा पर है। पहले ही कोरोना काल में व्यापारी, किसान मजदूर वर्ग के लोग सहित हर तबके के लोगों के धंधे चौपट हो चुके हैं, वहीं महंगाई से दोहरी मार पड़ रही है। केन्द्र सरकार ने देश के आमजन को आर्थिक मुसीबत के साथ बेहाल कर दिया है। गृहणियों के रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। रसोई गैस की कीमत में 950 रूपये लगभग होने से किचन में आग लग गई है। उज्ज्वला योजना मे 90 प्रतिशत लोग गैस रिफिलिंग नहीं करवा रहे है। गैस का दाम बढ़ने से जहां गृहस्थी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, उज्ज्वला योजना के अधिकांश उपभोक्ताओं ने आर्थिक तंगी से जुझने के कारण सिलेंडर में गैस भरवाना बंद कर दिया। गैस के दाम में बेतहाशा वृद्धि से महिलाएं परेशान हो गई हैं। आर्थिक तंगी से जूझ रहे उज्ज्वला योजना के लाभुकों को गैस सिलेंडर भरवाना किसी चुनौती से कम नहीं है।

गांव में महिलाएं गैस सिलेंडर के उपयोग करना बंद कर गैस सिलेंडर को बांध कर छज्जे पर फेंक रहे है। गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि से निम्न व मध्यम वर्ग की गृहस्थी भी बिगड़ रही है। महिलाएं मजबूरन पारंपरिक संसाधन लकड़ी, गोंइठा व कोयला से खाना बना रही है। अब नरेंद्र मोदी को महिलाओं के आंसू दिखाई नहीं दे रहे है।

राज्यपाल ने टीकाकरण पर आधारित लघु फिल्म 'भूमका' का विमोचन किया

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज यहां राजभवन में कोरोना टीकाकरण पर आधारित लघु फिल्म ''भूमका'' का विमोचन किया और फिल्म के सभी कलाकारों एवं निर्माता श्री संजय भारद्वाज को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में टीकाकरण पर आधारित लघु फिल्म का निर्माण सराहनीय कार्य है। इसमें सभी पात्रों ने उम्दा अभिनय किया है। साथ ही फिल्मांकन भी बहुत अच्छा किया गया है, जिससे फिल्म में सजीवता आ गई है। इसके माध्यम से आदिवासी समाज में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता आएगी और उनके मध्य टीकाकरण को लेकर भ्रम दूर होगा और वे कोरोना का टीका लगाएंगे। राज्यपाल ने कहा कि कोरोना पर विजय प्राप्त करने के लिए टीकाकरण प्रमुख हथियार है। टीका लगवाने के बाद भी आमजन भौतिक दूरी, मास्क लगाना तथा हाथ धोने जैसे नियमों का पालन करते रहें। हम सबके समन्वित प्रयासों से कोरोना से जल्द मुक्ति पाएंगे।श्री संजय भारद्वाज ने बताया कि आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण को लेकर तरह-तरह की भ्रांतियां है।

योगा

छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों के कार्यभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री बघेल

स्वस्थ तन और मन के लिए योग हमारी दिनचर्या में शामिल हो: मुख्यमंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों के कार्यभार ग्रहण समारोह में राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय से वर्चुअल रूप से शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा और सदस्यों सर्वश्री रवि बक्श, रविन्द्र सिंह, गणेश योगी तथा राजेश नारा को उनके नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, सांसद श्री दीपक बैज तथा बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम मंडावी एवं विधायक श्रीमती देवती कर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र तिवारी, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री शैलेष नितिन त्रिवेदी तथा समाज कल्याण विभाग की सचिव सुश्री रीना बाबा साहेब कंगाले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन ज्ञान से जुड़े योग हमारे देश की एक परंपरा है। योग से हमारे तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं और इससे हमारा शरीर निरोगी हो सकता है। उन्होंने बताया कि योग का क्षेत्र व्यापक है। भगवान श्री कृष्ण ने तो इसे भक्तियोग, ज्ञानयोग तथा कर्मयोग से जोड़कर काफी विस्तार स्वरूप दिया। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा इसकी महत्ता के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए। जिससे हम सभी की दिनचर्या में योग अनिवार्यतः शामिल हो जाए।

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमति अनिला भेंड़िया ने भी संबोधित किया और योग के महत्व के बारे में जन जागरूकता लाने के लिए जोर दिया। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा ने संबोधित किया और छत्तीसगढ़ में योग को उच्चतम शिखर तक पहुंचाने के लिए हरसंभव पहल करने को कहा।

संपादकीय

तीसरी लहर से बचना जरूरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर देशवासियों को सचेत किया है कि कोरोना अभी गया नहीं है इसलिए लोग सावधानी बरतना ना छोड़े। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चेतावनी दी है कि भारत में कोरोना की तीसरी लहर आ सकती है इसलिए कोरोना के प्रति लोगों को सचेत रहने की जरूरत है। इसके बावजूद लोग है कि इन चेतावनियों को गंभीरता से लेने के लिए तैयार नहीं है। भारत में कोरोना की दूसरी लहर अभी भी कायम है। हालांकि कोरोना की दूसरी लहर की रफ्तार मंद पड़ गई है लेकिन अभी भी प्रतिदिन 35 से 40 हजार नए मामले सामने आ रहे हैं और लगभग पांच सौ लोगों की मौत हो रही है। जाहिर है कि कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है। महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश आदि कुछ राज्यों में कोरोना संक्रमण के मामले फिर से बढ़ने लगे है। इस स्थिति में कोरोना की तीसरी लहर आने की संभवना प्रबल हो गई है। इससे निपटने के लिए सरकार अपने स्तर पर तैयारी कर रही है। अस्पतालों में बैड की संख्या बढ़ा दी गई है। पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन की पूर्ति भी सुनिश्चित कर दी गई है। कोरोना का टीका लगाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। किन्तु सत्प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने में अभी काफी समय लगेगा। ऐसी स्थिति में जिन लोगों को अब तक कोरोना की वैक्सीन नहीं लग पाई है उन्हें खास तौर पर अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। ऐसे लोग कोरोना की तीसरी लहर की चपेट में आ सकते हैं। जब तक टीकाकरण अभियान पूरी तरह सफल नहीं हो जाता तब तक लोगों को कोरोना गाइडलाइन का ईमानदारी पूर्वक पालन करना होगा। देखा जा रहा है कि लॉकडाउन हटने के बाद से ही देश के अधिकांश राज्यों में लोग बेफिक्र हो गए है। ना तो वे मास्क लगाना जरूरी समझते है और ना ही दो गज की दूरी बनाकर रख रहे हैं। बाजार, मॉल, सिनेमा घर और पार्क आदि सार्वजनिक स्थलों को शर्तो के साथ खोलने की अनुमति दी गई है लेकिन उन शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है। यात्री बसे भी चलने लगी है। जिसमें सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। भीड़ की तरह यात्रियों को ठूस दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में कोरोना की तीसरी लहर और भयावह सिद्ध हो सकती है। अब तो कई राज्यों में शैक्षिण संस्थान भी शुरू करने की कवायद की जा रही है। जो छात्र-छात्राओं के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। फिलहाल शैक्षणिक संस्थानों को और कुछ समय तक बंद रखना ही उचित होगा। क्योंकि वहां सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो पाना मुश्किल लगता है। बेहतर होगा कि शैक्षिणक संस्थान शुरू करने के निर्णय पर संबंधित राज्य सरकारें पूर्णविचार करें। कोरोना की तीसरी लहर के कहर से बचने के लिए कोरोना गाइड लाइन का कढ़ाई पूर्वक पालन कराने के लिए भी राज्य सरकारे कारगर कदम उठाए। वहीं कोरोना की तिसरी लहर के कहर से बच पाना संभव होगा।

विचार

भास्कर पर छापेः किसका फायदा ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

हिंदी के सबसे बड़े और सबसे प्रामाणिक अखबार, भास्कर, पर छापों की खबर ने देश के करोड़ों पाठकों और हजारों पत्रकारों को हतप्रभ कर दिया है। जो नेता और पत्रकार भाजपा और मोदी के भक्त हैं, वे भी सन्न रह गए। ये छापे मारकर क्या सरकार ने खुद का भला किया है या अपनी छवि चमकाई है ? नहीं, उल्टा ही हुआ है। एक तो पेगासस से जासूसी के मामले में सरकार की बदनामी पहले से हो रही है और अब लोकतंत्र के चौथे खंभे खबरपालिका पर हमला करके सरकार ने नई मुसीबत मोल ले ली है। देश के सभी निष्पक्ष अखबार, पत्रकार और टीवी चैनल इस हमले से परेशान हैं। सरकारी सूत्रों का कहना है कि सरकार ने 'भास्कर' पर छापे इसलिए मारे हैं कि उसने अपनी अकूत संपत्तियों को विदेशों में छिपा रखा है ताकि उसे आयकर न देना पड़े। इसके अलावा उसने पत्रकारिता के अलावा कई धंधे चला रखे हैं। उन सबकी अनियमितता को अब सप्रमाण पकड़ा जाएगा। यदि ऐसा है तो यहां सरकार से मेरे तीन सवाल हैं। पहला, ये छापे अभी ही क्यों डाले गए? पिछले 6-7 साल से मोदी सरकार क्या सो रही थी ? अभी ही उसकी नींद क्यों खुली? उसका कारण क्या है? दूसरा, यह छापा सिर्फ भास्कर पर ही क्यों डाला गया? क्या देश के सारे नेतागण, व्यापारी और व्यवसायी वित्तीय-कानूनों का पूर्ण पालन कर रहे हैं? क्या देश के अन्य बड़े अखबार और टीवी चैनलों पर भी इस तरह के छापे डाले जाएंगे? तीसरा, अखबार के मालिकों के साथ-साथ संपादकों और रिपोर्टरों के भी फोन जब्त क्यों किए गए? उन्हें दफ्तरों में लंबे समय तक बंधक बनाकर क्यों रखा गया? उन्हें डराने और अपमानित करने का उद्देश्य क्या था? इन छापों का एकमात्र उद्देश्य है, स्वतंत्र पत्रकारिता के घुटने तोड़ना। भास्कर देश का सबसे लोकप्रिय और शक्तिशाली अखबार इसीलिए बन गया है कि वह निष्पक्ष है और प्रामाणिक है। यदि उसने कोरोना के दौरान सरकारों की लापरवाहियों को उजागर किया है तो ऐसा करके उसने सरकार का भला ही किया है। उसने उसे सावधान करके सेवा के लिए प्रेरित ही किया है। यदि उसने गुजरात की भाजपा सरकार की पोल खोली है तो उसने राजस्थान की कांग्रेस सरकार को भी नहीं बख्शा है। भास्कर के पत्रकार और मालिक अपनी प्रखर पत्रकारिता के लिए विशेष सम्मान के पात्र हैं।

अभिव्यक्ति

किसान आंदोलन का हल निकलना चाहिए

डॉ. श्रीनाथ सहाय

किसान आंदोलन के मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय ने तीन सदस्यों की जो समिति गठित की थी, उसने बंद लिफाफे में क्या अनुशंसाएं की हैं, उन्हें भी सार्वजनिक नहीं किया गया है और न ही केंद्र सरकार पर कोई दबाव है। अतीत पर नजर डालें तो इस देश में ज्यादातर बड़े और निर्णायक किसान आंदोलन आजादी के पहले ही हुए हैं। आजादी के बाद दो ऐसे बड़े किसान आंदोलन हुए हैं, जिन्होंने देश की राजनीतिक धारा को प्रभावित करने का काम किया। ये दोनो आंदोलन भी वामपंथियों ने ही खड़े किए थे। पहला था आजादी के तुरंत बाद 1947 से 1951 तक तेलंगाना (पूर्व की हैदराबाद रियासत) में सांमती अर्थव्यवस्था के खिलाफ आंदोलन। इसमें छोटे किसानों ने ब्राह्मण जमींदारों खिलाफगुरिल्ला युद्ध छेड़ दिया था। लेकिन इसका असल फायदा रेड्डी और कम्मा जैसी सम्पन्न लेकिन पिछड़ी जातियों को हुआ। वो आज सत्ता की धुरी हैं।

केंद्र सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के विरोध में शुरू हुआ किसान आंदोलन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। संसद का मानसून सत्र चल रहा है। ऐसे में एक बार फिर से किसान आंदोलन तेज होता दिख रहा है। दिल्ली बार्डर के साथ ही साथ किसान अब दिल्ली में जंतर-मंतर में प्रदर्शन कर रहे हैं। चालू सत्र में किसान आंदोलन की गूंज सड़क से सदन तक सुनाई दे रही है। किसान आंदोलन को करीब 8 माह गुजर चुके हैं। भारत सरकार के साथ किसान प्रतिनिधियों की 11 दौर की बातचीत भी हो चुकी है। एक बार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी किसानों से संवाद कर चुके हैं। बावजूद इसके आंदोलन से कोई राह निकलती दिखाई नहीं दे रही।

किसान कृषि कानूनों को रद्द करवाने की मांग पर अड़े हैं तो वहीं सरकार जरूरी परिवर्तन और संशोधन करने की बात कर रही है। सरकार और किसानों के बीच चल रहे गतिरोध के कारण मामला सुलझने की बजाय लंबा खिंचता जा रहा है। दिल्ली के उप-राज्यपाल अनिल बैजल ने अधिकतम 200 किसानों को नौ अगस्त तक जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने की अनुमति दी है। 26 जनवरी को दिल्ली में उग्र प्रदर्शन के बावजूद दिल्ली सरकार ने किसानों को एंट्री की इजाजत दी है। यह परमिशन 22 जुलाई से लेकर 9 अगस्त तक है। दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने शर्तों के साथ प्रदर्शन की मंजूरी दी है। संसद में मानसून सत्र के बीच केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ जंतर-मंतर पर गुरुवार को किसानों ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने इसे देखते हुए मध्य दिल्ली के चारों ओर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखी। वाहनों की आवजाही पर कड़ी नजर रखी गई। किसान नेता राकेश टिकैत ने जंतर मंतर पर कहा कि आज आठ महीने बाद सरकार ने हमें किसान माना है। किसान खेती करना भी जानता है और संसद चलाना भी जानता है। संसद में किसानों की आवाज दबाई जा रही है। जो सांसद किसानों की आवाज नहीं उठाएगा हम उसका विरोध करेंगे। किसान संसद की शुरूआत में पहले तो आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजलि दी गई, उसके बाद किसानों नेताओं पर जो मुकदमे दायर किये गए हैं उन्हें वापस लेने की मांग उठी। फिलहाल इसी पर सभी किसान चर्चा कर रहे हैं।

जानकारों की माने तो सरकार आंदोलन को लेकर बेपरवाह और निश्चिंत है, क्योंकि उसका भीतरी आकलन है कि आंदोलन बिखर कर नाकाम हो चुका है। इधर-उधर विरोध-प्रदर्शन कर अराजकता और भाजपा-विरोधी राजनीति के अलावा, किसान आंदोलनकारियों के पास कोई ठोस मुद्दा शेष नहीं है। सरकार कई बार स्पष्ट कर चुकी है कि कृषि के तीनों विवादास्पद कानून न तो वापस लिए जाएंगे और न ही रद्द किए जाएंगे। खरीफकी फसलों के लिए भारत सरकार के कृषि मूल्य आयोग ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी की है। यह भी किसानों की अपेक्षाओं से कमतर हो सकती है। उप्र में ही गन्ना मिलों को किसानों के 8000 करोड़ रुपए से भी अधिक का भुगतान चुकाना है। प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक आश्वासन के बावजूद किसानों को उनकी उपज का पैसा नहीं मिला है और न ही 15 दिन बीत जाने के बाद भुगतान पर ब्याज की व्यवस्था लागू की गई है। हालांकि यह किसान आंदोलन का बुनियादी मुद्दा नहीं है। अब नई रणनीति के मुताबिक, किसान संसद भवन का घेराव करना चाहते हैं। मानसून सत्र 19 जुलाई से शुरू हो चुका है। किसानों की रणनीति है कि हररोज 200 आंदोलनकारी दिल्ली के सिंघु बॉर्डर से मार्च करके संसद भवन तक पहुंचेंगे और बाहर धरना देंगे। फिलहाल संयुक्त किसान मोर्चा और पुलिस अधिकारियों के बीच संवाद जारी है। यदि पुलिस बहुत ज्यादा विनम्र हुई, तो जंतर-मंतर पर किसानों को धरना-प्रदर्शन की मंजूरी दी जा सकती है। उसकी भी समय-सीमा और शर्तें तय की जा सकती हैं, लेकिन किसानों को संसद का घेराव करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि यह सुरक्षा और संप्रभुता का सवाल है। यदि आंदोलनकारी किसान किसी भी तरह संसद परिसर में घुसने में कामयाब हुए, तो उसे 'संसद पर आक्रमण' माना जाएगा। संसद देश की संप्रभुता की ही प्रतीक है। विपक्षी खेमे से कांग्रेस, अकाली दल और आप आदि ने किसान आंदोलन के मुद्दे पर संसद में 'कामरोको प्रस्ताव' के नोटिस दिए हैं। चूंकि पंजाब में विधानसभा चुनाव फरवरी, 2022 से पहले होने हैं, लिहाजा यह मुद्दा वहां की राजनीति के लिए बेहद संवेदनशील है। अकाली दल को बसपा और सीपीएम ने 'कामरोको प्रस्ताव' पर समर्थन की घोषणा की है। लोकसभा में यह स्पीकर का विशेषाधिकार है कि वह ऐसे प्रस्ताव को स्वीकार करें अथवा नहीं। अलबत्ता वह किसी और नियम के तहत किसान आंदोलन पर चर्चा करवा सकते हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने विपक्ष के सांसदों के लिए 'पीपल्स व्हिप' जारी की है, जिसके तहत सांसदों को सदन से वॉकआउट न करने का आग्रह किया गया है। ऐसी 'व्हिप' की कोई भी संसदीय वैधता नहीं है। किसान नेताओं का अहंकार संतुष्ट हो सकता है। किसान आंदोलन के मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय ने तीन सदस्यों की जो समिति गठित की थी, उसने बंद लिफाफे में क्या अनुशंसाएं की हैं, उन्हें भी सार्वजनिक नहीं किया गया है और न ही केंद्र सरकार पर कोई दबाव है। अतीत पर नजर डालें तो इस देश में ज्यादातर बड़े और निर्णायक किसान आंदोलन आजादी के पहले ही हुए हैं। आजादी के बाद दो ऐसे बड़े किसान आंदोलन हुए हैं, जिन्होंने देश की राजनीतिक धारा को प्रभावित करने का काम किया। ये दोनो आंदोलन भी वामपंथियों ने ही खड़े किए थे। पहला था आजादी के तुरंत बाद 1947 से 1951 तक तेलंगाना (पूर्व की हैदराबाद रियासत) में सांमती अर्थव्यवस्था के खिलाफ आंदोलन। इसमें छोटे किसानों ने ब्राह्मण जमींदारों खिलाफगुरिल्ला युद्ध छेड़ दिया था। लेकिन इसका असल फायदा रेड्डी और कम्मा जैसी सम्पन्न लेकिन पिछड़ी जातियों को हुआ। वो आज सत्ता की धुरी हैं। इसके बाद दूसरा बड़ा किसान आंदोलन 1967 में पश्चिम बंगाल में नक्सली आंदोलन के रूप में हुआ। इसमें किसानो की मुख्य मांग बड़े काश्तकारों को खत्म करना, बेनामी जमीनों के समुचित वितरण और साहूकारों द्वारा किया जाने वाला शोषण रोकने की थी।

किसान सिंघु बॉर्डर, गाजीपुर बॉर्डर, टीकरी बॉर्डर पर धरना देते रहें या जंतर-मंतर पर प्रतीकात्मक विरोध-प्रदर्शन करें, इससे समाधान तक नहीं पहुंचा जा सकता। संसद में किसान आंदोलन के अलावा, कोरोना वायरस की दूसरी लहर, महंगाई, बेरोजगारी, फोन टैपिंग के जरिए मंत्रियों, पत्रकारों और वकीलों की जासूसी, टीकाकरण नीति आदि भी महत्त्वपूर्ण मुद्दे हैं। सरकार को 23 विधेयक भी पारित कराने हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने तीखे और धारदार सवाल पूछने के साथ-साथ सार्थक बहस की भी उम्मीद जताई है, लेकिन पहले दिन ही उनके संबोधन के दौरान लोकसभा में जबरदस्त हंगामा मचता रहा। बहरहाल संसद को सिर्फकिसान आंदोलन तक समेट कर नहीं रखा जा सकता। (लेखक राज्य मुख्यालय लखनऊ, उत्तर प्रदेश में मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

झुंझुनू के शहीदों ने लिखी है शौर्यगाथा

रमेश सर्राफ

झुंझुनू जिले के सीथल गांव के शहीद हवलदार मनीराम महला कारगिल में दुश्मनों से लोहा लेते हुए तीन जुलाई 1999 को शहीद हो गए थे। शहीद वीरांगना मुन्नी देवी ने बताया कि जब उनके पति शहीद हुए थे। तो उन्हें बताया गया था कि उनके बेटों में से एक को सरकारी नौकरी मिलेगी। लेकिन सरकार बदली तो तो नियम भी बदल दिया गया। अब सरकारी नौकरी के लिए वे दो दशक से चक्कर लगा रही है। इसके अलावा गांव की जिस स्कूल का नामकरण उनके पति के नाम से किया गया था। वो भी मर्ज कर दी गई है। ऐसे में उनके सम्मान को ठेस पहुंची है। जिले के बासमाना गांव का हवासिंह कारगिल युद्ध में शहीद हो गया। शहीद का परिवार आज भी अपने सम्मान की लड़ाई लड़ रहा है और सरकारी सिस्टम के आगे ना केवल लाचार है, बल्कि अब हारकर अपने घर भी बैठ गया है।

शूरां निपजे झुंझुनू, लिया कफन का साथ
रण-भूमि का लाडला, प्राण हथेली हाथ

उक्त कहावत को चरितार्थ किया है झुंझुनू जिले के वीर जवानो ने। इस वीर भूमि के रणबांकुरों ने जहां स्वतंत्रता पूर्व के आन्दोलनो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया वहीं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद की लड़ाइयों में भी इस धरती की माटी में जन्मे सेनानियों ने हंसते हुये अपने प्राणे की आहूतियां दी है। यहां की धरती ने सदियों से जन्म लेते रहे सपूतों के दिलों में देशभक्ति की भावना को प्रवाहित किया हैं। शहादत देना राजस्थान के लागों की परम्परा रही है। यहां के गांवो में लोक देवताओं की तरह पूजे जाने वाले शहीदों के स्मारक इस परम्परा के प्रतीक हैं। 22 साल पहले कारगिल युद्ध तो हमने जीत लिया। लेकिन शहीदों के परिवारों के सामने कई समस्यायें अभी भी मुंह बायें खड़े हैं। इस जिले के वीरों ने बहादुरी का जो इतिहास रचा है उसी का परिणाम है कि भारतीय सैन्य बल में उच्च पदों पर सम्पूर्ण राजस्थान की ओर से झुंझुनू जिले का ही वर्चस्व रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे यहां की धरती को यह वरदान प्राप्त हो कि इस पर राष्ट्रभक्ति के के लिये मर मिटने वाले लाडेसर ही जन्म लेते हैं। 1948 में कश्मीर पर कबायली हमला हो या 1962 का भारत चीन युद्ध। चाहे 1965 व 1971 का भारत-पाक युद्ध। यहां के वीरों ने मातृभमि की रक्षा हेतू सदैव अपना जीवन बलिदान किया हैं। सेना के तीनो अंगो की आन ,बान,शान के लिये यहां के नौजवान सैनिकों के उत्सर्ग को देश कभी भुला नही सकता हैं।

इस क्षेत्र के सैनिकों ने भारतीय सेना में रहकर विभिन्न युद्धो में बहादुरी एवं शौर्य की बदौलत जो वीरता पदक प्राप्त किये हैं। वे किसी भी एक जिले के लिये प्रतिष्ठा एवं गौरव का विषय हो सकता हैं। सीमा युद्ध के अलावा जिले के बहादुर सैनिकों ने देश मे आंतरिक शान्ति स्थापित करने में भी सदैव विशेष भूमिका निभाई हैं। सीमा संघर्ष एवं नागा होस्टीलीटीज हो या आपरेशन ब्लूस्टार या श्रीलंका सरकार की मदद हेतु किये गये आपरेशन पवन अथवा कश्मीर में चलाया गया आतंकवादी अभियान रक्षक या कारगिल युद्ध।

26 जुलाई कारगिल विजय दिवस पर विशेष

सभी अभियान में यहां के सैनिको ने शहादत देकर देश में जिले का मान बढ़ाया हैं। प्रारम्भ से ही झुंझुनू जिले में सेना में भर्ती होने की परम्परा रही हैं। पहले यहां के गांवो में प्रायः हर घर में सैनिक होता था। सेना के प्रति यहां के लगाव के कारण अंग्रेजो ने यहां एक सैनिक छावनी की स्थापना कर 'शेखावाटी ब्रिगेड 'का गठन किया था। जिले के वीर जवानो को उनके शौर्यपूर्ण कारनामों के लिये समय-समय पर भारत सरकार द्वारा विभिन्न अलंकरणों से नवाजा जाता रहा हैं। अब तक इस जिले के कुल 117 सैनिकों को वीरता पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। जो पूरे देश में किसी एक जिले के सर्वाधिक हैं। भारतीय सेना में योगदान के लिये झुंझुनू जिले का देश में अव्वल नम्बर हैं। वर्तमान में इस जिले के 29 हजार जवान सेना में कार्यरत हैं। वहीं 45 हजार भूतपूर्व सैनिक व अर्द्ध सैनिक बलों के जवान हैं। आजादी के बाद भारतीय सेना की और से राष्ट्र की सीमा की रक्षा करते हुये यहां के 468 जवान शहीद हो चुके हैं। जो पूरे देश में किसी एक जिले से सर्वाधिक है। कारगिल युद्ध के दौरान पूरे देश में 527 जवान शहीद हुये थे जिनमें अकेले इस जिले के 19 सैनिक शहीद हुये थे। जो पूरे देश में किसी एक जिले से शहादत देने वालों में सर्वाधिक जवान थे।

यहां के जवानो ने सेना के सर्वोच्च पदों तक पहुंच कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। जिले के एडमिरल विजय सिंह शेखावत भारतीय नौ सेना में सेना अध्यक्ष रह चुकें हैं। वहीं स्व. कुन्दन सिंह शेखावत थल सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल व भारत सरकार के रक्षा सचिव रह चुके हैं। जे.पी.नेहरा, सत्यपाल कटेवा सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल पद से सेवानिवृत हुये हैं। जिले के रघुनाथपुरा गांव के दो भाई के के रेपस्वाल व बी के रेपस्वाल अभी सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा यहां के काफी लोग सेना में मेजर जनरल, ब्रिगेडियर, कर्नल,मेजर सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत है। देश में झुंझुनू एकमात्र ऐसा जिला हैं जहां सैनिक छावनी नहीं होने के उपरान्त भी गत पचास वर्षो से अधिक समय से सेना भर्ती कार्यालय कार्यरत है। जिससे यहां के काफी युवकों को सेना में भर्ती होने का मौका मिल पाता है।

यहां के हवलदार मेजर पीरूसिंह शेखावत को 1948 के कश्मीर में कबायली युद्ध में अद्भुत शोर्य का प्रदर्शन करते हुये शहादत देने पर वीरता के लिये देश का सर्वोच्च सैनिक सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया जा चुका है। परमवीर चक्र पाने वाले पीरूसिंह शेखावत राजस्थान के पहले सैनिक थे। यहां के सैनिकों ने द्वितीय विश्व युद्ध में भी बढ़चढ़ कर भाग लिया था। आज भी जिले में द्वितीय विश्व युद्ध में भाग लेने वाले कई पूर्व सैनिकों या उनकी विधवाओं को सरकार से पेंशन मिल रही है। जिले में इतने अधिक लोगों का सेना से जुड़ाव होने के उपरान्त भी सरकार द्वारा सैनिक परिवारों की बेहतरी व सुविधा उपलब्ध करवाने के लिये कुछ भी नहीं किया गया है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ईश्वर से बढ़कर गुरू,गुरू से बड़ा न

ईश्वर से बढकर गुरु ,गुरु से बडा न कोय। चार बेद छःशास्त्र मिलि ,बात कहे है दोय। प्रथम गुर माता समझ ,दूजा पितु को जान। तीजे है शिक्षक तेरे ,चौथे आतम ज्ञान। गुरु के पद पंकज धरूँ, गुरु ज्ञान की खान। गुरु से मिलता है सदा,जगमें सच्चा ग्यान।

अजय मिश्रा अभिग्य

तपोवन की वो भूमी और मंजर

तपोवन की वो भूमी और मंजर याद आते हैं। बनाया था हमे जिसने वो गुरुवर याद आते हैं। मुझे मुझ से भी बत्तर और बढ़ कर जानने वाले- वो सहपाठी वो शिक्षक आज खो कर याद आते हैं।

रानी इंदू

खास पाती | सुनो मैं जानती तो थी कि तुम

सुनो मैं जानती तो थी कि तुम तिलिस्म हो मगर फिर भी जब तुमने मेरा हाथ थाम मुझे कहा आओ चलें तो बिन कुछ सोचे मैं चलने लगी। फिर अचानक तुम रुके मेरे हाथ को सहलाया और पूछा तुम क्यों चल रही हो साथ आपने ही कहा था मेरे बताने पर तुम हँस दिए अरे मज़ाक था मेरे दोस्तों से पूछ लेना मैं मज़ाकिया हूँ तुम लौट जाओ। सुनो तुम चले गए थे मगर मैनें तुम्हें जाते हुए नहीं देखा हाँ आजतक टकटकी लगाए इंतज़ार करती हूँ तुम्हारे लौटने का और साथ में ये सिद्ध करने का भी कि तुम तिलिस्म नहीं हो।

शुचि 'भवि'

वक्त के हाथों में पत्थर देखिए

वक्त के हाथों में पत्थर देखिए। सबसे ज़ालिम ये सितमगर देखिए। वार से हर बार मैं बचता रहा, आप भी मेरा मुक़द्दर देखिए।

अंकित चहल विशेष

प्रेम पगी इक बाला हूँ ना मीरा ना

प्रेम पगी इक बाला हूँ ना मीरा ना राधा हूँ मैं प्रेम ज्योति जलाये हृदय में प्रज्जवलित वह ज्वाला हूँ । ना कान्हा की न राम की जोगन प्रेम मेरा है कण कण में प्रेम लुटा दूँ कण कण जीवन पुष्प सुमन अंजुली भर के। सरगम के सात सुरों में बंध पाये ना प्रेम मेरा आठवें सुर तक जा पहुँचा है गूंज उठा प्रेमगीत मेरा। मंद मंद पवन सी बहती निर्मल स्वच्छ धारा सी नव मुकुल सी कोमल प्रेम ममता की शीतल छाया सी।

शिखा लाहिरी

गुरु वो पहचान है जो देते हमें

गुरु वो पहचान है जो देते हमें यहाँ सत्य का ज्ञान है कठिन परिस्थितियों में गुरु समय का मान है मन के रिश्तों से भिन्न मानव के सतगुणो का गुरु कराते वो ध्यान है गुरु ईश, गुरु ब्रह्मा, गुरु माता-पिता रुप में जन-जन के लिए वरदान है..!! आप सभी को सपरिवार सहित गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं।

नंदिता तनुजा

दवा हर दर्द का मौजूद

दवा हर दर्द का मौजूद है किताबों में खयालों में कभी फुर्सत से खो जाना फरिश्ते बनकर निकलोगे ।

कृष्णा प्रवीण शुक्ला

ये लड़ती, ये झगड़ती औरतें

ये लड़ती, ये झगड़ती औरतें फिजूल की बातों में उलझती औरतें आरोप प्रत्यारोप के झमेलों में फंसी औरतें चीखती चिल्लाती, हरदम खीझती औरतें जाने कब समझेंगी कि खुद को मजबूत दिखाने या साबित करने के लिए कुछ कर दिखाना होता है वह भी चुपचाप, ईमानदारी से अपना काम करते हुए काश! मीराबाई चानू की तरह सोच पातीं ये औरतें..।

सीमा भाटिया

छुप कर सुनना और ताकना

छुप कर सुनना और ताकना झाँकना खुद की सिवा सबका जीवन आँकना और फिर सहूलियत के मुताबिक कभी ढील देना कभी फाँसी पर टाँगना! जिसे खुद कभी कहते थे गलत वे ही कहते है अब जो सभी कर चुके हैं हमने भी किया तो क्या हुआ मन से, वचन से, अब शर्म जैसे खत्म सी हो गई मुमकिन है भाषणों से अब हर गंदगी को ढाँकना!

जावेद उस्मानी

QUIZ TIME

1) छठी-पाँचवी शताब्दी ई.पू. में सर्वप्रथम 'इंडिया' नाम का प्रयोग किसने किया था?

2) किन मंदिरों में देवताओं के साथ राजा की मूर्ति स्थापित की गई थी?

3) 2003 के 92वें संशोधन अधिनियम द्वारा 8वीं अनुसूची में कौन-सी भाषाएँ शामिल की गई थी?

4) सतपुड़ा श्रेणी एक प्राचीन ब्लॉक पर्वत है इसकी सर्वोच्च चोटी का नाम क्या है?

5) भारत में हाथी उत्सव प्रतिवर्ष कहाँ मनाया जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) हेरोडोटस (2) चालुक्यकालीन मंदिरों में (3) बोडो, मैथिली, संथाली और डोगरी (4) धूपगढ़ (5) जयपुर, राजस्थान

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 26 जुलाई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1509 कृष्णदेवराय विजयनगर साम्राज्य के सिंहासन पर आसीन हुए। 1760 ऑस्ट्रियाई सैनिकों ने फोर्ट ग्लैट्ज़ सिलेसिया पर कब्जा कर लिया। 1788 न्यूयॉर्क अमेरिका का 11वां राज्य बना। 1805 इटली में भूकंप से लगभग 5,573 लोगों की मौत। 1826 लिथुआनिया की हिंसा में कई यहूदी मारे गए। 1835 हवाई में पहला गन्ना बागान शुरू हुआ। 1858 बैरोन लियोनेल डे रोथस्चल्ड ब्रिटिश संसद के लिए चुने गए पहले यहूदी व्यक्ति बने। 1933 विश्व आर्थिक सम्मेलन के अंतर्राष्ट्रीय रजत समझौते पर लंदन में हस्ताक्षर किए गए। 1951 नीदरलैंड ने जर्मनी के साथ युद्ध खत्म किया। 1953 कम्युनिस्ट क्रांतिकारी फिदेल कास्त्रो के नेतृत्व में क्यूबा में सफल क्रांति की शुरुआत हुई। 1956 मिस्त्र ने स्वेज नहर का राष्ट्रीयकरण किया। 1965 मालदीव ब्रिटेन के अधीनता से स्वतंत्र हुआ। 1998 एटीएंडटी और ब्रिटिश दूरसंचार कंपनी पीएलसी ने संयुक्त उपक्रम बनाने की घोषणा की। 2002 प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य निशानेबाज़ी चैम्पियनशिप प्रारम्भ हुई।2005 नासा के अंतरिक्ष यान डिस्कवरी का प्रक्षेपण किया गया। 2007 पाकिस्तान ने परमाणु शक्ति सम्पन्न क्रूज मिसाइल बाबर हत्फ़7 का सफल परीक्षण किया। 2008 यूरोपीय वैज्ञानिकों ने सौरमंडल के बाहर एक और नये ग्रह की खोज की। 2009 भारत न्यूक्लियर सबमरिन लांच करने वाला छठवां देश बना। 2010 अफगानिस्तान में युद्ध से संबंधित घटनाओं का विवरण देने वाले 92,000 से अधिक वर्गीकृत दस्तावेज़ विकिलिक्स द्वारा जारी किए गए।

राज कुंद्रा केस में एक और मॉडल का खुलासा, न्यूड शूट के बदले 25 हजार का मिला था ऑफर

अश्लील फिल्में बनाने और उन्हें ऐप पर दिखाने के मामले में फंसे राज कुंद्रा 27 जुलाई तक पुलिस हिरासत में हैं। राज कुंद्रा की गिरफ्तारी के बाद कई मॉडल और स्ट्रगलिंग एक्ट्रेस सामने आ रही हैं। पूनम पांडे, शर्लिन चोपड़ा और सागरिका शोना सुमन पहले ही राज पर कई आरोप लगा चुकी हैं। अब एक और मॉडल ने दावा किया कि न्यूड वीडियो के बदले उन्हें पैसों का लालच दिया गया था।

न्यूड वीडियो का मिला था ऑफर

निकिता फ्लोरा सिंह स्ट्रगलिंग एक्ट्रेस और मॉडल हैं। उन्होंने बीते दिनों यह ट्वीट किया था जो अब वायरल हो रहा है। निकिता ने बताया कि राज कुंद्रा की कंपनी में उस वक्त काम करने वाले उमेश कामत ने उन्हें पैसों के बदले न्यूड वीडियो शूट का लालच दिया था।

ठुकरा दिया था ऑफर :

निकिता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि 'नवंबर 2020 में उमेश कामत ने मुझसे राज कुंद्रा के ऐप हॉटशॉट्स के लिए न्यूड शूट करने के लिए कहा था लेकिन मैंने मना कर दिया था। कामत ने मुझे 25 हजार रुपये प्रतिदिन का ऑफर दिया था। भगवान का शुक्र है कि मैं कुंद्रा जैसे बड़े नाम के झांसे में नहीं आई। एक लड़की जो झारखंड से थी उसके पति ने उसे तलाक दे दिया क्योंकि उसने उनके लिए शूटिंग की थी।'

एक्ट्रेस श्रुति गेरा ने किया था खुलासा

बता दें कि एक्ट्रेस श्रुति गेरा ने भी खुलासा किया था कि उन्हें राज कुंद्रा की एक सीरीज के लिए कॉन्टेक्ट किया गया था। श्रुति ने कहा, 'मुझे बहुत अच्छे से याद नहीं कि किस कास्टिंग डायरेक्टर ने मुझे ये बताया था लेकिन कुछ ने तो बताया था। एक ने मुझसे कहा था कि वो मुझे राज कुंद्रा से मिलवा सकता है। इसके बाद एक ने कहा था कि राज कुंद्रा प्रोडक्शन हाउस शुरू करने जा रहे हैं और वेब स्पेस में एक बड़ा धमाका करेंगे। मैंने तुरंत ही मना कर दिया था। हालांकि मैं खुश हूं कि मैंने खुद को सेफरखा। हम सभी को लगता था कि वह एक बड़ा शख्स है, लेकिन वह तो ऐसा इंसान है, जो पोर्न बनाता है।'

रिक्शा चलाते हुए सोनू सूद का मजेदार वीडियो

दूधवाले से करने लगे मोल-भाव तो मिला ये जवाब

सोनू सूद इन दिनों पंजाब में हैं जहां वह एक म्यूजिक वीडियो की शूटिंग करने पहुंचे हैं। पंजाब से उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वह रिक्शा चलाते नजर आए। उन्होंने दूधवाले को रिक्शे पर बैठाया हुआ था। यह वीडियो काफी मजेदार हैं।

डिस्काउंट मांगते दिखे

दूधवाले से सोनू सूद मोलभाव करते दिखते हैं और पूछते हैं उन्हें कुछ डिस्काउंट नहीं मिलेगा? वीडियो में सोनू सूद दूधवाले से पूछते हैं कि 'कितना दूध देती हैं भैंसे?' आगे वह कहते हैं, 'हम लोगों को मिलेगा दूध?' उसके हां कहने पर सोनू सूद दाम पूछते हैं जिस पर शख्स बताता है कि 50 रुपये करके मिलेगा दूध। आगे सोनू कहते हैं कि 'मेरे पे भी 50 रुपये लगेगा, जो मैं आपको इतना धक्का मार रहा हूं, सुबह से थक ना जाओ आप, मेरे से भी 50 रुपये, थोड़ा सा डिस्काउंट यार।'जब दूधवाला डिस्काउंट देने से मना कर देता है तो सोनू सूद कहते हैं कि 'जो आप दूध में पानी डाल रहे हो उसका क्याज मलाई आएगी ना? चलो ठीक है यार, गॉड ब्लेस यू।'

सपोर्ट लोकल

वीडियो पोस्ट करते हुए सोनू सूद लिखते हैं- 'हमारी भैसों के खाने का वक्त हो गया है। दूधवाले से सोनू सूद।' इसके साथ उन्होंने हैशटैग इस्तेमाल किया-

■ न्यूज गैलरी

इंग्लैंड में कोरोना नियमों को लेकर भड़के हेड कोच रवि शास्त्री, बोले-टीकों पर भरोसा करना चाहिए

नई दिल्ली। भारत क्रिकेट टीम के हेड कोच रवि शास्त्री ने कोविड-19 पॉजिटिव व्यक्ति के संपर्क के आने वाले किसी भी व्यक्ति को 10 दिन के लिए अलग-थलग करने के नियम पर शनिवार को निराशा जताई, क्योंकि भारत के बॉलिंग कोच भरत अरुण को टीकाकरण पूरा होने के बावजूद अलग-थलग होना पड़ा। ब्रिटेन के स्वास्थ्य नियमों के अनुसार, अरुण के अलावा सीनियर विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा और स्टैंड बाई सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को 10 दिन तक अलग-थलग रहना होगा, क्योंकि वे थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट सह मालिशिये दयानंद गरानी के संपर्क में आए थे।

इन तीनों ने डेढ़ हफ्ते का अनिवार्य क्वारंटाइन पूरा करने के बाद शनिवार को टीम के जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में वापसी की। आरटी-पीसीआर टेस्ट में नेगेटिव पाए जाने के बावजूद इन तीनों को अलग-थलग होना पड़ा। शास्त्री ने अपने करीबी मित्र और बॉलिंग कोच अरुण के साथ सेल्फी पोस्ट करते हुए लिखा, 'मेरा दाहिना हाथ वापस आ चुका है। नेगेटिव पाए जाने के बावजूद अलग-थलग 10 दिन बिताने के बाद और अधिक फिट और मजबूत लग रहा है।' शास्त्री ने आगे कहा कि, 'ये अलग-थलग करने के नियम काफी हताश करने वाले हैं। टीकाकरण के दौरान लगे दो टीकों पर भरोसा किया जाना चाहिए।'

वनडे के बाद अब टी-20 सीरीज की तैयारी

नई दिल्ली। नए कप्तान शिखर धवन की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम श्रीलंका के खिलाफ रविवार से कोलंबो में शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट सीरीज में भी जीत की प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी, जहां पहले मैच में रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले कई खिलाड़ियों से सजी टीम ने वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की, लेकिन वह आखिरी मैच हार गई थी। इसके बावजूद भारत का ही पलड़ा भारी नजर आ रहा है। कोच राहुल द्रविड़ इस सीरीज में चक्रवर्ती को आजमाना चाहेंगे जो ऑफ ब्रेक, कैरम बॉल और दाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए लेग ब्रेक भी कर लेते हैं। वे आईपीएल में अपनी इस काबिलियत का अच्छा नमूना पेश कर चुके हैं।

टोक्यो ओलंपिक में चानू की 'चांदी' से मोदीनगर में जश्न, जीत में कोच विजय शर्मा का भी बड़ा योगदान

टोक्यो ओलंपिक में वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने 21 साल बाद वेटलिफ्टिंग में 49 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। मीराबाई चानू का मोदीनगर से भी गहरा नाता है। उनके मुख्य कोच विजय शर्मा मोदीनगर की कैलाश कॉलोनी में परिवार सहित रहते हैं। चानू को सिल्वर मेडल मिलने के बाद विजय शर्मा के परिवार को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। मोदीनगर के लोगों व खिलाड़ियों ने जगह जगह मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।

वेटलिफ्टिंग में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदम जीत चुके विजय शर्मा रेल मंत्रालय में उच्च अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वह पंजाब के पटियाला स्थित आईएनएस में खिलाड़ियों को कोचिंग देते हैं और मीराबाई चानू के मुख्य कोच भी हैं। उनकी पत्नी विनीता शर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह टीवी पर समाचार चैनल देखा तो पता चला कि मीराबाई चानू ने सिल्वर मेडल जीत लिया है। इसके बाद विजय शर्मा को बधाई देने के लिए फोन मिलाया, लेकिन फोन स्विच ऑफ था। इसके बाद उन्होंने सबसे पहले मां सोमा देवी को मिठाई खिलाई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हुई विजय शर्मा से बात हुई थी।

सात साल से कोचिंग दे रहे

कोच विजय शर्मा पिछले सात साल से मीराबाई चानू को पटियाला स्थित आईएनएस कोचिंग सेंटर में वेटलिफ्टिंग की ट्रेनिंग दे रहे हैं। विजय के भाई अजय शर्मा ने बताया कि रियो ओलंपिक के बाद भाई ने मीराबाई चानू की ट्रेनिंग कराने में अपनी पूरी मेहनत लगा दी थी। वह काफी समय से घर भी नहीं आए थे।

हमेशा देते रहते हैं टिप्स

द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित विजय शर्मा जब भी समय मिलता है, वह मोदीनगर आते रहते हैं और स्थानीय खिलाड़ियों को टिप्स देते रहते हैं। उनके सहयोग से मोदीनगर में अब तक एक दर्जन से अधिक राष्ट्रीय स्तर की वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता हो चुकी हैं।

तीन साल पहले आई थी चानू

रियो ओलंपिक में नाकामी मिलने के बाद मीराबाई चानू ने कड़ी मेहनत करके सन 2017 में वर्ल्ड चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। गोल्ड मेडल जीतने के एक साल बाद वह दिसंबर 2018 में मोदीनगर वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप का उद्घाटन करने के लिए यहां आई थीं।

अर्जुन बिजलानी को किया गया था अप्रोच, एक्टर ने मेकर्स को बता दिया अपना फैसला

'बिग बॉस 15' के लिए मेकर्स की तैयारियों जोरों पर हैं। पिछले कुछ दिनों में कई नाम सामने आए हैं जिन्हें अप्रोच किया गया है। सलमान खान का यह शो सितंबर से ऑन एयर होगा। उससे छह हफ्ते पहले ओटीटी प्लेटफॉर्म पर यह दिखाया जाएगा जिसे करण जौहर होस्ट करेंगे। अब 'बिग बॉस 15' के कंटेस्टेंट से जुड़ी बड़ी खबर आई है।

हाल ही में डील हुई फाइनल

इन दिनों 'खतरों के खिलाड़ी 11' में नजर आ रहे अर्जुन बिजलानी ने शो के लिए कंफर्म कर दिया है। अर्जुन ने कुछ दिनों पहले बताया था कि मेकर्स ने उनसे 'बिग बॉस' के लिए संपर्क किया है लेकिन अभी वह इस पर विचार कर रहे हैं। ईटाइम्स के मुताबिक अर्जुन ने एक-दो दिन पहले ही अपनी डील फाइनल कर दी।

शो से मिलती है जबरदस्त पॉपुलैरिटी

सूत्र ने बताया कि 'शो के लिए वह अपनी फीस से संतुष्ट हैं। उन्होंने अपना मन बना लिया है कि वह कुछ महीने और परिवार से दूर रहेंगे। खतरों के खिलाड़ी 11 के बाद फिर से ऐसा करना उनके लिए आसान नहीं था लेकिन शो से जिस तरह की लोकप्रियता मिलती है उसकी वजह से उन्होंने बिग बॉस 15 में हिस्सा लेने का फैसला किया।' हालांकि

अभी तक आधिकारिक रूप से अर्जुन बिजलानी और मेकर्स की ओर से कुछ नहीं कहा गया है।

'बालिका वधू' एक्ट्रेस भी दिखेंगी

'बिग बॉस 15' के लिए अर्जुन बिजलानी के अलावा और भी कई नाम चर्चा में हैं। 'बालिका वधू' फेम अभिनेत्री नेहा मार्दा भी शो में दिखाई देंगी। नेहा को पिछले कई साल से 'बिग बॉस' का ऑफर आ रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक कुछ दिन पहले ही उन्होंने ऑफर स्वीकार किया है।

भारत में उदारीकरण

1991 के सुधारों से बेहतरीन ग्रोथ मिली, अब असर घटने लगा है

नई दिल्ली। भारत के वित्त मंत्री के रूप में मनमोहन सिंह ने साल 1991 में आर्थिक उदारीकरण (1991 ह्न्द्बद्धश्रह्लद्बह्य) की शुरुआत की। उस वक्त भारत दुनिया में मदद मांगने वाले प्रमुख देशों में से एक था। आज भारत दुनिया को मदद उपलब्ध कराने की स्थिति में पहुँच गया है। एशिया के पड़ोसी देशों और अफ्रीका को भारत ने 30.6 अरब डालर की मदद देने की प्रतिबद्धता जताई है।

अगर साल 1991 से तुलना करें तो उस समय भारत की पर कैपिटा इनकम सालाना 360 थी। एशिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक सालाना 7 फ़ीसदी या उससे अधिक की दर से विकास कर रही है। 3 दशक के बाद कोरोना संकट से ठीक पहले भारत की पर कैपिटा इनकम 2100 सालाना पर पहुंच गई थी। भारत लगातार दो दशक तक सालाना 7 फ़ीसदी की दर से विकास करता रहा। इस वजह से भारत को मिरैकल इकनामी भी कहा जाता है। सामान्य मानसून की स्थिति में देश को अनाज के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए उस समय हरित क्रांति की शुरुआत की गई थी, इस वजह से सूखा पड़ने की स्थिति में अनाज के लिए मदद मांगने की हालत में पहुंच जाता था।

G-77 से T-20 का सफर

साल 1991 में भारत G-77 देशों का लीडर था। यह दुनिया के गरीब देश थे जो डिवेलप करने के लिए हर समय अधिक से अधिक राहत की मांग में जुटे रहते थे। इस समय भारत ज्ञ20 देशों में शामिल है। दुनिया के यह 20 देश नेतृत्व करने की स्थिति में हैं। इसी वजह से अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के लिए स्थाई सदस्यता की मांग कर रहा है।

रोमांचक मैच में भारत की मनिका बत्रा की शानदार जीत, अगले दौर में पहुंची

भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने टोक्यो ओलंपिक में भारत की उम्मीदों को जिंदा रखा है। मनिका ने विमेंस सिंगल वर्ग में यूक्रेन की मारग्रेट पेसोत्सका के खिलाफ चले रोमांचक मुकाबले में 4-3 जीत दर्ज की। मनिका ने पहले दो गेम में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और जीत दर्ज की। इस जीत के साथ बत्रा टेबल टेनिस प्रतियोगिता की महिला एकल के अगले दौर में प्रवेश किया।

एक समय ऐसा लग रहा था कि टोक्यो में टेबल टेनिस में भारत के लिए मेडल की प्रबल दावेदार मानी जा रही बत्रा हार कर बाहर हो जाएंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मनिका बत्रा की शुरुआत अच्छी नहीं रही उन्होंने पहला गेम 4-11 से गंवा दिया। दूसरे गेम में भी मारग्रेट, मनिका से बीस साबित हुई। मारग्रेट ने ये गेम भी 4-11 से जीत लिया। मारग्रेट की स्मैश और फोरहैंड का मनिका के पास कोई जवाब नहीं था। मनिका पिछड़ रही थी, उनपर दबाव साफ दिख रहा था, इसके बावजूद उन्होंने लंबी रैलियां खेली तथा अपने शॉट पर शानदार नियंत्रण बनाए रखा। मनिका तीसरे गेम में भी शुरू में पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने 6-6 से स्कोर बराबर किया और फिर लगातार बढ़त बनाये रखकर फोरहैंड हिट से यह गेम अपने नाम किया। तीसरे गेम में बत्रा ने शानदार वापसी की और 11-4 से गेम जीत लिया।

चौथे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मनिका ने इस गेम में 6-4 की बढ़त गंवा दी। लेकिन इसके बाद शानदार वापसी करते हुए 10-10 से मुकाबला बराबर कर दिया।

शेयर मार्केट | निफ्टी भी हुआ लाल, डॉलर के मुकाबले रुपया खस्ताहाल

शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 533 अंक टूटकर 52,606.99 के स्तर पर आया

मुम्बई। पिछले हफ्ते लगातार दो दिन नए शिखर को छूने वाला शेयर बाजार आज बुरी तरह फिसल गिया है। शेयर बाजार आज भारी गिरावट के साथ खुला बीएसई का 30 स्टॉक्स वाला प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 533.07 अंक लुढ़ककर 52,606.99 के स्तर पर खुला। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 15,754 के स्तर पर खुला।

एचडीएफसी, आईसी आईसी आई बैंक और कोटक बैंक में भारी बिकवाली को देखते हुए सेंसेक्स 52,506.40 के स्तर तक आ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 464 अंक नीचे 52675 के स्तर पर था तो वहीं निफ्टी 135.35 अंकों के भारी नुकसान के साथ 15,788.05 पर आ गया था। वहीं शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 20 पैसे टूट गया।

सेंसेक्स में सबसे अधिक दो प्रतिशत की गिरावट एचडीएफसी बैंक में हुई। इसके अलावा एचडीएफसी, इंडसइंड बैंक, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक भी लाल निशान में थे। दूसरी ओर एनटीपीसी, भारती एयरटेल, टाइटन, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज में मुनाफे के साथ कारोबार हो रहा था।

डॉलर के मुकाबले रुपया हुआ कमजोर

अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 20 पैसे टूटकर 74.77 के स्तर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 74.73 पर खुला और फिर 74.77 तक गिर गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 20 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 74.57 पर बंद हुआ था। इसबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति दर्शाने वाले डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत बढ़कर 92.70 पर आ गया।

पिछले हफ्ते 753.87 अंक चढ़ा था सेंसेक्स

बता दें बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 753.87 अंक या 1.43 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 69,611.59 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक तथा कोटक महिंद्रा बैंक के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. तथा बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन घट गया।

एफपीआई ने जुलाई में अबतक शेयर बाजार से 4,515 करोड़ रुपये निकाले

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजारों से 4,515 करोड़ रुपये निकाले हैं। इस दौरान भारतीय बाजार के प्रति एफपीआई का रुख सतर्कता भरा रहा है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार विदेशी निवेशकों ने एक से 16 जुलाई के दौरान शेयरों से 4,515 करोड़ रुपये की निकासी की। इस दौरान उन्होंने ऋण या बांड बाजार में 3,033 करोड़ रुपये डाले भी। इस दौरान उनकी शुद्ध निकासी 1,482 करोड़ रुपये रही। जून में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 13,269 करोड़ रुपये डाले थे।

पूरे सप्ताह में 119 रुपये उछला सोना

दिल्ली। गुजरे सप्ताह में भी सोना और चांदी उतार चढ़ाव से जूझते रहे। हाजिर बाजार में सोने की कीमत की बात करें तो इसमें कभी तेजी तो कभी गिरावट दिखी। घरेलू बाजार के कारकों और वैश्विक बाजार के कारकों ने दोनों बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उतार चढ़ाव में योगदान दिया। पूरे सप्ताह के उतार चढ़ाव का आकलन करने पर सामने आया कि आखिर में सोने और चांदी दोनों की ही हाजिर बाजार में कीमत में उछाल रहा। दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने में 126 रुपये की गिरावट आई। मंगलवार को इसमें 253 रुपये की तेजी आई, वहीं गुरुवार को यह फिर 264 रुपये टूट गया। सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को सोना फिर 256 रुपये की तेजी के साथ 46,698 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

धर्मांतरण के विरोध में सर्व हिन्दू समाज द्वारा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

खरोरा। प्रदेश में हो रहे धर्मांतरण के विरोध में सर्व हिन्दू समाज सिमगा क्षेत्र द्वारा माननिय राज्य पाल, मुख्यमंत्री जी ,मुख्य सचिव महोदय , जिलाधीस एवं पुलिस अधीक्षक महोदय व सिमगा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौप गया और

धर्मांतरण को बढ़ावा देने वालो के ऊपर कड़ी कार्यवाही की मांग की प्रदेश में लगातार मिशनरियों द्वारा अंचल एवं शहरी लोगों में रोगपीड़ित एवं गरीबी कि झेल रहे लोगों का फायदा उठाकर दिकभ्रमित करके मतांतरित करा रहे हैं जो दिन प्रति दिन तेज हो रहा है पहले वनांचल क्षेत्र में धर्मांतरण की खबरें आती थी अब शहरों में भी शिक्षित लोग भी भ्रमजाल में फसकर धर्मांतरित हो जाते हैं पिछले दिनों राज्यसभा सांसद राम विचार नेताम ने गृहमंत्री अमित शाह से हस्तक्षेप की मांग की है.छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण का मुद्दा अब और गरमा गया है. पिछले दिनों से वायरल सुकमा एसपी के पत्र का हवाला देते हुए बीजेपी से राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है.इस बीच संघ के विभाग के धर्मजागरण संयोजक सनत पांडेय जी, माननीय संघ चालक चिम्मन देवांगन जी , राहुल योगेश साहू (खण्ड कार्यवाह) , गगन शर्मा (धर्मजागरण सयोंजक) , सूरज माली (भजयुमो महामंत्री) पुखराज साहू जिला (शाररिक प्रमुख) , केवल साहू (महाविद्यालीन प्रमुख) , आशीष साहू झिरिया , सुरेंद्र माली , अंकित पांडेय , महेंद्र रजक, अभिषेक शर्मा , अमन पांडेय , पोषण साहू बेमता, धनंजय सोनकर , श्रीराम सोनकर, राजा साहू , कमलेश वर्मा, आदि हिन्दू कार्यकर्ता ज्ञापन देने पहुँचे

गुरु पूर्णिमा विशेष -गुरु का किया पूजन, राष्ट्र कल्याण के लिए हुआ यज्ञ

खरोरा। गायत्री प्रज्ञापीठ हिरमी व भालुकोना चितावर धाम में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धापूर्वक और उत्साह के साथ मनाया गया। ब्रम्हवादिनी बहनों ने संगीतमय वैदिक मंत्रो के साथ दीप यज्ञ में सैकडों लोगो ने आहुती समर्पित की हिरमी , मोहरा, सकलोर अंचल में मंदिरों व धार्मिक केंद्रों में गुरु पूजन किया

गया। साथ ही, गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए माता-पिता का सम्मान करने की सीख दी गई।इसमें सर्वप्रथम हवन करते हुए देश में फैली कोरोना वायरस महामारी के खात्मे के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। इसके बाद गुरुओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर भूवन पटेल ने कहा कि गुरु के बिना मुक्ति मिलना आसान नहीं है। भक्त और भगवान के बीच गुरु एक विशेष कड़ी का काम करता है, इसलिए सभी को अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए।प्रज्ञा पुत्र बुध्देश्वर ध्रुव ने कहा कि जिसका कोई गुरु नहीं, उसका जीवन शुरू नहीं। जीवन में अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करने के लिए एक मार्गदर्शक एवं सच्चा गुरु अवश्य होना चाहिए। शास्त्रों में गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश की उपाधि दी गई है। उन्होंने कहा कि माता-पिता भी हमारे गुरु होते हैं। उनका कभी भी दिल नहीं दुखाना चाहिए। दयाराम धुरंधर (सेवानिवृत्त शिक्षक) ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति व धर्म के मूल में है। हमें अपने गुरु और माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को भारतीय संस्कृति को अपनाना चाहिए। इस दौरान राष्ट्र कल्याण के लिए विशेष यज्ञ भी किया गया साथ ही गायत्री प्रज्ञा पीठ परिसर में वृक्षारोपण किया ।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

खरोरा। छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी व सहयोगियों, से मुलाकात कर खरोरा चैम्बर ऑफकॉमर्स के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दी ।खरोरा चैम्बर ऑफकॉमर्स अध्यक्ष

संजय अग्रवाल ने बताया कि अभी कोरोनाकाल मे व्यापारियो की सुरक्षा हेतु प्रदेश अध्यक्ष से लगातार सुझाव दिए जारहे है जो बहुत कारगर भी शाबित हुए । वही उन्होंने बताया कि खरोरा चैम्बर ऑफकॉमर्स कार्यालय के लिए शाशन से जमीन की मांग की गई थी जो अभी तक स्थगित है वही प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी ने व्यापारियो को आश्वस्त किया कि जल्द उच्च अधिकारियों से बात कर खरोरा चैम्बर के लिए जमीन स्वीकृत कराई जाएगी ।वही खरोरा चैम्बर ऑफकॉमर्स अध्यक्ष संजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष विकाश अग्रवाल,सचिव संदीप छाबड़ा, उपाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, सूरज सोनी, कोषाध्यक्ष चंद्रपाल मोटवानी, महामंत्री सतबीर सिंह चावला, द्वारा उन्हें छाया चित्र भी भेट की वही प्रदेश अध्यक्ष को पूरे टीम को खरोरा आने के लिए निमंत्रण भी दिया ।

फिंगेश्वर राष्ट्रीय मंत्री पिंकी शिवराज शाह किसान मोर्चा के बैठक में पहुंची गरियाबंद

फिंगेश्वर। भाजपा किसान मोर्चा जिला गरियाबंद की प्रथम कार्यसमिति बैठक गरियाबंद के सांस्कृतिक भवन में दिनांक 22/7/21 कोआयोजित गई जिसमें किसान मोर्चा के *राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती पिंकी शिवराज शाह जी* प्रमुख रूप से सम्मिलित हुई,, उन्होंने किसानों के वर्तमान परिस्थिति पर चिंता जाहिर करते राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और कहा कि *कांग्रेस अपने वादे से मुकर रही है जिन किसानों के दम पर वह सत्ता का लाभ ले रही है,, वो किसान आज खाद बीज समय पर नही मिलना, धान उपार्जन, विद्युत समस्या से त्रस्त हो गई है,,किसानों के हित मे हम सड़क की लड़ाई लड़ने तैयार है,, वही केंद्र की मोदी सरकार किसान हितैषी है और किसानों को सम्बल बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है,,,और आप सभी कार्यकर्ता संगठन लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है,,आप सभी की मेहनत और लगन इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकेगी किसान मोर्चा का आने वाले समय मे बहुत ही महत्व होगा* बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी श्री संदीप शर्मा जी भी उपस्थित रहे उन्होंने किसानों से संगठनात्मक चर्चा करते हुए कहा कि आगामी 26 जुलाई को किसान मोर्चा के नेतृत्व में भाजपा विधानसभा स्तरीय विशाल धरना राज्य सरकार के खिलाफकिसानों के हित मे करेगी। बैठक को जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश साहू ने सम्बोधित करते कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की आत्मा है प्रत्येक कार्ययकर्ता की मेहनत से आज भाजपा विश्व की बड़ी पार्टी के रूप में जानी जाती है,, बीते लोकसभा चुनाव में देश मे 21 करोड़ वोट भाजपा को मिले जो कि कार्यकर्ताओ की मेहनत का परिणाम है,, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्वेता शर्मा ने कहा की प्रदेश का किसान आज त्रस्त है, उसे कांग्रेस की गलत नीतियों से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,, जिसके लिए हम सभी एक होकर आंदोलन करेंगे और उनका हक दिलाएंगे, हमारे कार्ययकर्ता देवतुल्य है,जिनके दम पर भाजपा हर लड़ाई लड़ने में सक्षम है,,प्रदेश महामंत्री युधिष्ठिर चन्द्राकर ,जिला प्रभारी श्री अजय साहू,पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा श्री डॉ रामकुमार साहू , श्री गजेश्वर (जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा)सिन्हा ने भी सम्बोधित किया,,कार्यक्रम के सूत्रधार जिला महामंत्री मनीष हरित के द्वारा संचालन करते हुए, कार्यकर्ताओं का सम्मान राष्ट्रीय मंत्री के हाथों कराया गया।

जब्ती वाहन को लेने आए कर्मचारियों को ग्रामीणों ने फिर रोका

- 2 जुलाई से एक चैन माउंटिंग मशीन व तीन हाईवा पर खनिज विभाग ने की थी कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

गुंडरदेही। गुंडरदेही ब्लॉक मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सनोद के आश्रित ग्राम नवागांव में 2 जुलाई मध्य रात्रि से सप्ताह भर अवैध रूप से मुरूम का उत्खनन किया जा रहा था इस संबंध में 2 जुलाई को ग्रामीणों का आक्रोश फूटा और एक चैन माउंटिंग मशीन और तीन हाईवा को रोककर कार्यवाही की मांग पर अड़े थे।

खनिज अधिकारी की मनमानी सामने आ रहा है यहां के आम नागरिकों की आवाज को खनिज विभाग दबाने की प्रयास कर रही है आखिर में उस ग्रामीणों का मांग क्या है और उनकी मांग को अधिकारी क्यों नजरअंदाज कर रहे हैं।

जिला बनने के बाद पहली बार जिला खनिज अधिकारी अधिकारी प्रवीण चंद्राकर और सुशांत सोनी के द्वारा गुंडरदेही ब्लॉक के पैंडी ,रजौली ,बघेली ,रुदा ,मड़ियापार गुड़िया ,डूंडहेरा , नवागांव के अलावा अन्य जगहों पर अवैध उत्खनन किया गया है वही आज ग्रामीणों ने बताया सरपंच पुत्र रवि यादव जब कार्यवाही किया गया वाहन को लेने आया था तब ग्रामीणों ने मांग किया कि आखिर किसकी अनुमति से मुरूम की परिवहन किया जा रहा था तो सरपंच पुत्र रवि यादव की इतनी दबंगई की सैकड़ों ग्रामीण के सामने यह कह कर निकल गया कि मैं तुम लोगों को पीने के लिए पानी नहीं दूंगा ऐसा कह कर सरकारी बोर का बिजली बंद कर ग्रीफको निकाल कर ले गया जिससे आज 3:00 बजे के बाद से अभी तक उस गांव में बोर चालू नहीं होने से सुबह तक जल संकट गहरा सकता है। इस पूरे मामले को लेकर गुंडरदेही एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल ने कहा पीने का पानी को बंद नहीं कर सकते तत्काल टीम भेज रहा हूं।

थाना प्रभारी रोहित कुमार मालेकर ने कहा आज भी ग्रामीणों के द्वारा गाड़ी को रोका गया है खनिज विभाग के अधिकारी आएंगे और ग्रामीणों को इनकी कार्यवाही की जानकारी देंगे तब गाड़ी वहां से ग्रामीणों के द्वारा छोड़ने की बात कही गई है।

इस पूरे मामले को लेकर जिला खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर को संपर्क करने पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया बल्कि खनिज निरीक्षक सुशांत सोनी से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कार्यवाही हो गया है इस मामले में चंद्राकर साहब ही बता पाएंगे

ग्रामीणों का मात्र दो मांग है

पहला ग्रामीणों का कहना है किसकी अनुमति से शासकीय तलाब से मुरूम रातो रात खोदा गया है उस व्यक्ति को ग्रामीणों के समक्ष पेश करें।

दूसरा खुदाई में लगे वाहन पर कार्यवाही के अलावा जो खनिज संपत्ती चोरी हुआ है उस पर गौण खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

महिला मोर्चा कबीरधाम ने विवादित बयान के लिए माफी मांगने आबकारी मंत्री के खिलाफ खोला मोर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के आबकारी मंत्री कवासी लखमा द्वारा मीडिया के सामने भाजपा की छत्तीसगढ़ प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी के खिलाफदिए विवादित बयान को लेकर घिरते हुए दिख रहे हैं। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आबकारी मंत्री द्वारा भाजपा छत्तीसगढ़ प्रभारी को फूलन देवी कहकर संबोधित करने और महिलाओं का अपमान करने के खिलाफआज भाजपा महिला मोर्चा कबीरधाम ने प्रेसवार्ता की। विदित हो कि भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के निर्देशन में महिला मोर्चा द्वारा अलग-अलग जिलों में राज्य सरकार की नाकामियों को गिनाया एवं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठाया गया।

प्रेसवार्ता में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री और जिला पंचायत कबीरधाम की सभापति भावना बोहरा ने कहा किछत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद से महिलाओं के प्रति राज्य सरकार की उदासीनता साफ दिखाई दे रही है। राज्य सरकार में आबकारी व उद्योग मंत्री कवासी लखमा द्वारा भाजपा की वरिष्ठ महिला नेत्री और छत्तीसगढ़ प्रभारी दग्गुबती पुरंदेश्वरी जी को फूलन देवी बोलकर संबोधित करना कांग्रेस सरकार की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। एक मंत्री को मीडिया के सामने एक महिला नेता के खिलाफ ऐसे शब्दों का प्रयोग करना शोभा नहीं देता। यह अत्यंत ही निंदनीय है, जब वे एक प्रतिष्ठित पार्टी की वरिष्ठ नेता के खिलाफ इस प्रकार मीडिया में बयानबाजी कर उनका अपमान करना महिलाओं के प्रति कांग्रेस सरकार की ओछी और संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने न केवल पुरंदेश्वरी जी बल्कि उन सभी महिलाओं के स्वाभिमान को ठेंस पहुंचाते हुए उनका अपमान किया है। इसके साथ ही जिले में आये दिन महिलाओं के साथ अत्याचार, हिंसा, मारपीट, प्रताड़ना व अनाचार जैसी बड़ी घटनाएं रोजाना देखने व सुनने में आ रही है और राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा के आरती बिल्कुल भी मुस्तैद दिखाई नही दे रही है।

कबीरधाम महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मधु तिवारी ने कहा कि महिलाओं का अपमान व उनका उपहास करना कांग्रेस की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर भाजपा सरकार महिलाओं की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा करते हुए उन्हें केंद्र में मंत्री व प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी रहे हैं वहीं कांग्रेस के नेता महिलाओं को अपमानित कर रहे हैं। भाजपा की वरिष्ठ महिला नेत्री पर छत्तीसगढ़ के मंत्री द्वारा उन्हें फूलन देवी कहकर संबोधित करना महिलाओं के प्रति कांग्रेस व कांग्रेस के नेताओं की ओछी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार महिलाओं के हित के लिए बड़ी बड़ी बातें कर रही है वहीं दूसरी ओर उनका उपहास कर उनके स्वाभिमान व आत्मसम्मान को ठेंस पहुंचाने का काम कर रही है। एक महिला के खिलाफराज्य के मंत्री पद पर आसीन नेता द्वारा इस प्रकार की टिप्पणी अशोभनीय है जिसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

श्याम नगर ग्राम में संस्कृत संभाषण शिविर में विविध कार्यक्रम आयोजित

गरियाबंद । गरियाबंद जिले के आदर्श ग्राम श्यामनगर में दिनांक 13 जुलाई से दिनांक 23 जुलाई तक 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर आयोजित हुआ। जिसमें संस्कृत भारती के प्रशिक्षक हेमंत साहू के सानिध्य में पूरे श्यामनगर के बालक बालिकाओं तथा युवाओं को तीन पालियों में संस्कृत भाषा का प्रशिक्षण दिया गया, प्रतिदिन प्रातः 6:00 से 7:00 बजे तक लगभग एक घंटे युवा वर्ग को योगाभ्यास एवं संस्कृत संभाषण को अच्छे ढंग से अभिनय एवं वार्तालाप के माध्यम से सिखाया गया साथ ही बाल वर्ग को संस्कृत संभाषण प्रातः 8 से 9.30 तक खेल खेल के माध्यम से संस्कृत संभाषण,अभिनय वस्तुओं के नाम संस्कृत में,एवं छोटे-छोटे वाक्य प्रयोग कर संस्कृत भाषा में सिखाया गया एवं सायं कालीन ग्राम धूमा में संस्कृत प्रशिक्षण अनवरत जारी रहा जिसका विधिवत समापन किया गया इस प्रकार अंतिम दिवस प्रशिक्षार्थी ने बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें गांव के बच्चों द्वारा गीत,नृत्य एवं अभिनय संस्कृत भाषा में किया गया साथ ही कार्यक्रम का संचालन योगेश साहू द्वारा संस्कृत भाषा में किया गया। इस अवसर पर चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद द्वारा अपने वक्तव्य में संस्कृत भाषा की महत्ता का बखान किया और कहा कि संस्कृत भाषा को देववाणी कहा गया है लेकिन वर्तमान परिपेक्ष्य में यह देववाणी संस्कृत भाषा सिर्फ धार्मिक कर्मकांड की भाषा बनकर रह गई है इसे उभारने का हम सबको सामूहिक प्रयास करना चाहिए।

अवैध मादक पदार्थ का परिवहन, कुकदुर पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

कवर्धा। 210 पौवा अवैध शराब कुल 37.8 लीटर अवैध प्लेन देशी मदिरा किमती 16800/रुपया एवं 01 सफेद रंग की स्कार्पियो वाहन क्रमांक सी.जी.09 जे.ए. 4100 कुल जुमला कीमती 616800/ रुपया कुकदुर पुलिस ने किया जब्त।*

तस्कर स्कॉर्पियो वाहन में बैग और बोरा में शराब भरकर कर रहे थे अवैध परिवहन पुलिस की सूझबूझ से आरोपी सलाखों के भीतर।

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग श्री विवेकानंद सिन्हा के द्वारा बॉडर पर अवैध शराब ,गाजा तस्कारो एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है तथा कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश देकर अवैध मादक पदार्थों के परिवहन पर पूर्णता अंकुश लगाने हेतु क्षेत्र के सक्रिय मुखबीरों एवं पुलिस टीम को क्षेत्र से होकर गुजरने वाले संदेहीयो पर सतत निगाह रखने तथा संदेह होने पर उक्त व्यक्ति एवं वाहन का पूर्णता जांच कर ही क्षेत्र मे प्रवेश करने देवे यदि किसी प्रकार की असामाजिक वस्तुएं उक्त वाहन में हो तो तत्काल वाहन में सवार चालक परिचालक पर आवश्यक कार्यवाही कर उक्त

अवैध वस्तुओं को कब्जा पुलिस लेकर उचित वैधानिक कार्यवाही करने कहा गया है। इसी तारतम्य में वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त आदेशो का तामिली करते हुये पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी श्री एन.के. बेंताल के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी कुकदुर निरीक्षक श्री लव कुमार कवर के द्वारा अपने सूचना तंत्र को सक्रीय करते हुऐ लगातार क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर क्षेत्र के मुखबीर से अपराधिक तत्वों की जानकारी लिया जा रहा है जिस पर मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई की कोदवागोदान की ओर से एक स्कार्पियो वाहन में शराब का अवैध परिवहन होने की जानकारी है। जिस पर तत्काल कुकदुर थाना प्रभारी द्वारा सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा वरिष्ठ अधिकारी गणों से दिशा-निर्देश प्राप्त कर थाने से पुलिस टीम रवाना कर चलित नाकेबंदी के माध्यम से चेकिंग किया जाने लगा मुखबीर के बताए हुलिया अनुसार स्कार्पियो वाहन क्रमांक छ्त्त09 छ्व4100 को घेराबन्दी कर रोककर विधिसम्मत तलासी ली गई स्कार्पियो में 03 व्यक्ति बैठे थे। जिन्होंने अपना नाम 01सुखनंदन पटेल पिता परदेश पटेल उम्र 33साल,02 हेम पटेल पिता राम पटेल 22 साल, 03 तेजेश्वर पटेल पिता मान दास पटेल उम्र 21 साल, सभी ग्राम सोमनापुर थाना पंडरिया जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ के रहने वाले बताएं वाहन की विधिसम्मत तलासी लेने पर कुल 210 पौवा देशी प्लेन मदिरा कुल 37.8 बल्क लीटर कीमती 16800/ रुपया एवं सफेद रंग की स्कार्पियो कीमती 6 लाख कुल जुमला कीमती 616800/ रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपीयों के विरुद्ध पर्याप्त सबूत पाए जाने पर विधिवत कानूनी प्रकिया एवं कोविड नियमों का पालन करते हुवे गिरफ्तारी किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

दंतेश्वरी फाइटर और डीआरजी ...

को पार कर हर खतरे को गले लगाने तैयार है। डीआरजी जवान और दंतेश्वरी महिला कमांडो एक दूसरे के हाथ पकड़े नक्सलियों के कोर इलाके में स्थित मलांगीर नदी को चीरकर ऑपरेशन मानसून चला रही है।

दरअसल बारिश के मौसम में नक्सली नदियों के पार बसे गांवों को अपना सुरक्षित ठिकाना समझते है और आराम से गावों में रुककर बरसात के मौसम में नक्सल गतिविधियों को अंजाम देते है। मगर इस बार दंतेश्वरी फाइटर की महिला कमांडो और डीआरजी जवानों ने लगातार इन इलाकों में गश्त कर उन्ही के गढ़ में मुठभेड़ भी कर रही है। इस ऑपरेशन में कई नक्सली स्मारकों को ध्वस्त किया गया है तो वहीं दुर्दांत नक्सलियों को गिरफ्तार करने में ये टीम सफल भी हुई है।

फोर्स पिछले 10 दिनों से लगातार अंदुरुनी क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफमानसून ऑपरेशन चला रही है, जिसके चलते इन इलाकों में नक्सली मूवमेंट कम हुई है। मलंगीर नदी के पार रेवाली, बुरगुम, नीलावाया, मलांगीर एरिया के नक्सलियों का कोर एरिया है,जहाँ नदी को पार कर नक्सलियों को खदेड़ने मानसून ऑपरेशन चलाया जा रहा है। उस इलाके में इन जवानों ने ईनामी मावोवादी रमन्ना, देवा, मंगली के स्मारक ध्वस्त किये है। दंतेश्वरी फाइटर की महिला कमांडो और डीआरजी जवानों धमक से नक्सली पूरी तरह से बैकफुट पर है। यही कारण है कि माओवादी शहीदी सप्ताह में अपनी गतिविधियों को अंजाम नहीं दे पा रहे हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202107100400301

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री बी.आर. ठाकुर आ. नारायण सिंह ठाकुर निवासी सरोजनी नगर धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1016/20 रकबा 0.016 हें/ 1800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

दो सालों में 30 से ...

और लेवी वसूलने का काम चलाते हैं। लेकिन अब जवानों की आमद से नक्सलियों को पीछे हटना मजबूरी बनता जा रहा है।

विधायक बृहस्पत सिंह ...

कुछ भी हो सकता था।

भाजपा ने किया पलटवार

बृहस्पत सिंह के द्वारा अपने ही पार्टी के कद्दावर नेता पर लगाए गए आरोप के बाद भाजपा ने भी प्रदेश सर्कार को आड़े हाथों लिया है। भाजपा प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सत्ता का संघर्ष चरम पर है। प्रदेश में मुख्यमंत्री बदलने का मामला अभी भी शांत नहीं हुआ है। कांग्रेस में अभी भी आग सुलग रही है। विधायक पर हुए हमले को भी इसी से ज्यादा जा रहा है। अनुराग ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के खिलाफतत्काल कार्यवाही किया जाना चाहिए। अब तो कांग्रेस के भीतर टकराव को पूरी तरह से साफ हो गया है। अपराधिक वातावरण कांग्रेस की सरकार में शुरू से ही देखी जा रही है।

जानलेवा था अप्रैल-मई...

के तहत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों से इसका खुलासा हुआ है।

एम्स में प्रदेश का सबसे ...

लहर के दौरान अधिकतम 5000 लीटर प्रति मिनट आक्सीजन की आवश्यकता पड़ी थी। ऐसे में नया प्लांट स्थापित होने के बाद संभावित तीसरी लहर के लिए तैयारियां कर ली गई हैं। यह प्रदेश में स्थापित सबसे अधिक क्षमता का पीएसए प्लांट है।

चलते टैंपों पर ...

हुआ।सांगल छितकुल रोड पर बटसेरी के पास इसी वक्त भूस्खलन के चलते चट्टानों के गिरने का सिलसिला शुरू हुआ। तभी वहां गुजर रहा टैंपो ट्रैवलर इसकी चपेट में आ गया। इसमें कुल 11 लोग सवार थे, जिनमें से नौ की जान चली गई।

हायर सेकेण्डरी स्कूल...

शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में पंजीकृत 2 लाख 89 हजार 023 परीक्षार्थियों में से 2 लाख 86 हजार 850 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

आज भी सरकारी योजनाओं ...

से लेकर कमार भूंजिया लोगों की आर्थिक स्थिति बढ़ाने के लिए काफी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित है।

योजनाओं से दूर है जनजाति

आदिवासी कमार भूंजिया विकास प्राधिकरण वेबसाइट के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए शासकीय एवं निजी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश दिला कर प्रतिस्पर्धात्मक बनाना है। इसके साथ ही छात्रों को भोजन सहाय योजना के अंतर्गत 500-500 रुपए सहायता देने का प्रावधान भी है।

ममता बनर्जी ने दिल्ली ...

ने ही इस बैठक के आयोजन का जिम्मा उठाया है।

खबर के मुताबिक, 21 जुलाई की मीटिंग के बाद ही दिल्ली पहुंच चुके, तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर विपक्षी पार्टियों के एक मोर्चे में जान फूंकने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

पार्टी के एक नेता ने बताया कि इस बैठक को लेकर सभी जरूरी तैयारियां कर ली गई हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-कांकेर
Phone No. 07868-241213, Email id-ee-res.kanker@gov.in

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्रमांक/01/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2021-22 कांकेर, दिनांक 22/07/2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 06.08.2021 अपरान्ह 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से (आमंत्रण क्रम प्रथम बार) आमंत्रित की जाती है तथा निविदा दिनांक 07.08.2021 को 11.30 बजे पूर्वान्ह खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम एवं स्थल	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
1	देवगुड़ी निर्माण कार्य गोड़वाना समाज भवन ग्राम-खपरापारा (भीरावाही), वि.खं. कांकेर	29.10

2. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट 2.10 एवं 2.13) व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

जी-62300/2

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग- कांकेर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

कुर्मी समाज के भूमिपूजन में शामिल हुए विधायक

भाटापारा/नवप्रदेश। छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर ईकाई भाटापारा के तत्वाधान में भूमिपूजन का कार्यक्रम डॉ खूबचंद बघेल की मूर्ति स्थल पटपर चौक भाटापारा में आयोजित किया गया। भूमिपूजन विधायक भाटापारा,उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में राज प्रधान भुनेश्वर वर्मा, नगर प्रमुख लेख राम वर्मा, सेवाराम वर्मा, रामकुमार वर्मा, गिरधारी लाल वर्मा, तेजराम वर्मा, हेमलाल वर्मा, जयलाल कश्यप, रमेश कुमार वर्मा द्वय, महेश वर्मा, देवलाल बघमार, प्रमोद वर्मा, बी. वर्मा, खुमान सिंह वर्मा,रवि वर्मा, लखन लाल कश्यप, राधेश्याम नायक, विष्णु वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु,पार्षद आशीष पुरोहित,पार्षद गोपाल देवांगन,पार्षद प्रदीप शर्मा,आशिष टोडर,पिताम्बर साहू,आदि उपस्थित थे।

युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने अंकित श्रीवास्तव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा छग के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने युवा कार्यकारिणी के विस्तार के तहत राजनांदगांव के अंकित श्रीवास्तव को राजनांदगांव जिले का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। अंकित मीडिया क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। उनके जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर युवा साथियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। वहीं वरिष्ठों ने उन्हें अपना आशीष देते हुए समाज के लिए सदैव बेहतर करते रहने की बात कही है।

सिलघट में दिवंगत परिजनों की स्मृति में पिंड दान-तर्पण

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलघट में आयोजित कोविड-19 कोरोना महामारी में दिवंगत परिजनों की स्मृति में पिंड दान-तर्पण, गायत्री महायज्ञ, देववृक्षों की स्थापना, प्रार्थना एवं श्रद्धांजलि सभा में राज्य सभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुयें। साथ में जनपद पंचायत बेरला अध्यक्ष श्रीमती हीरा देवलाल वर्मा, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, भारतभूषण साहू उपाध्यक्ष नपं बेरला, पूजा टिकरिहा सभापति जपं बेरला, सिद्धिक खान सभापति जपं बेरला, अजय सेन भी उपस्थित रहें।

साहू समाज ने अनेक सामाजिक बुराइयों को दूर किया : विधायक आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दारगांव में परिक्षेत्रीय साहू समाज दारगांव द्वारा आयोजित लोकार्पण एवं शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुयें। सर्वप्रथम बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने अधिष्ठात्री देवी माता कर्मा की मूर्ति पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर विधायक निधि 3 लाख रू से निर्मित सीमेंटीकरण कार्य एवं किचन शेड का फीता काट लोकार्पण किये। विधायक आशीष छाबड़ा ने समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों को भक्त माता कर्मा के जयकारे के साथ शपथ दिलाया और उन्हें निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ और देश के विकास के सहभागी बनने कि अपील की। साथ ही प्रमाण पत्र से सम्मानित किए।

गणेश ध्रुव सहित अध्यक्ष और आयोग के सदस्यों ने ली शपथ

वर्चुअल रूप से मुख्यमंत्री हुए शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सचिव गणेश धुव सहित छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह एवं अमृत टोप्पो तथा श्रीमती अर्चना पोर्ते ने न्यू सर्किट हाउस में सदस्य के रूप में शपथ ली।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद द्वय दीपक बैज एवं श्रीमती फूलो देवी नेताम तथा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम वर्चुवल रूप से उनकी गरिमामाय उपस्थिति में सर्किट हाउस रायपुर में सम्पन्न हुआ।

शपथ ग्रहण समारोह में श्रीमती अनिला भेड़िया मंत्री, महिला एवं बाल विकास ने नव निर्वाचित अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह एवं सदस्यगणों गणेश ध्रुव अमृत टोप्पो तथा श्रीमती अर्चना पोर्ते को शपथ ग्रहण कराया और शुभकामनाऐं देते हुए जनजाति वर्ग के सरंक्षण एवं संवर्धन हेतु दिये गये कर्तव्यों के निर्वहन के सफलता पूर्वक पूरा करने की अपेक्षा की गई।

उक्त शपथ ग्रहण समारोह में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम शैलेष नितिन त्रिवेदी, गिरिश देवांगन , गुलाब कमरो उपाध्यक्ष सरगुजा प्राधिकरण विधायक भरतपुर-सोनहत, यू.डी. मिंज संसदीय सचिव, शिशुपाल शोरी संसदीय सचिव, चिंतामणी महाराज संसदीय सचिव तथा छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष सुश्री राजकुमारी दीवान एवं नितिन पोटाई सदस्य वर्चुवल रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों को समाज के पिछड़े एवं आदिवासी समाज के हितों का ध्यान रखते हुए उनके समग्र विकास हेतु कार्य करना है। यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन में आप लोग खरे उतरेंगे ऐसी आशा मैं करता हूं। विभागीय मंत्री के द्वारा कहा गया कि भानुप्रताप सिंह जी को आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर उन्हें एक बड़ी जिम्मेदार दी गई है।

मुख्यमंत्री नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार कार्यक्रम में शामिल हुए

किसानों, पशुपालकों और ग्रामवासियों को सहकारिता आंदोलन से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है : भूपेश बघेल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल निवास कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला सहकारी केन्द्रीय राजनांदगांव के नवयुक्त अध्यक्ष नवाज खान के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन पद्मश्री गोविन्द राम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में किया गया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि किसानों के लिए सहकारी बैंक महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों, पशुपालकों को सहकारिता आंदोलन से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है और ग्रामवासियों को स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी नरूवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी से गांवों का विकास हो रहा है।

गोधन न्याय योजना के तहत गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी से वर्मी एवं सुपर कम्पोस्ट निर्माण किया जा रहा है। अब तक 9 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट विक्रय किया जा चुका है। जिसके सुखद परिणाम दिखाई दे रहे है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि किसान ज्यादा से ज्यादा वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग कर जैविक खेती की ओर बढ़ें, जैविक खेती से मिलने वाले कृषि और उद्यानिकी उत्पाद तथा अनाज स्वास्थ्य और आर्थिक दृष्टि से किसानों के लिए लाभप्रद होंगे। जैविक उत्पादों का डेढ़ से दोगुना

दाम बाजारों में मिल रहा है। लोग भी जैविक उत्पादों का उपयोग करने लगे हैं।

रासायनिक उर्वरक के अधिक उपयोग से अनेक बीमारी होने की संभावना होती है। इस कारण जैविक खेती को बढ़ावा देना चाहिए। रासायनिक खाद के उपयोग के बदले जैविक खाद एक अच्छा विकल्प है। मुख्यमंत्री ने बैंक के अध्यक्ष नवाज खान को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर राजनांदगांव जिले के वनांचल के गांव मानपुर और मुढ़ीपार (खैरागढ़) में सहकारी बैंक के भवन निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सहकारी बैंक के भवन का निर्माण 36 लाख रूपए की लागत से किया जाएगा।

परिवहन विभाग, आवास एवं पर्यावरण, वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि राज्य की सबसे बड़ी प्राथमिकता धान खरीदी है। यह कार्य सहकारी समिति के माध्यम से होता है। इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए उन्होंने अध्यक्ष के रूप में नवाज खान का चयन किया है और वे इस कार्य में खरे उतरेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार धान खरीदी का कार्य करती है इसके बाद कस्टम मिलिंग करती है।

शासन ने किसानों से समर्थन मूल्य में धान खरीदा, किसानों का कर्ज माफ किया गया, हर व्यक्ति को राशन कार्ड के दायरे में लाकर सभी का राशन कार्ड बनाया गया। किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 10 हजार रूपए की राशि प्रति एकड़ देने की योजना लाई गई। पूर्व में 31 लघु वनोपज की खरीदी समर्थन मूल्य में किया जा रहा था लेकिन वर्तमान में 52 प्रकार के लघु वनोपज की खरीदी समर्थन मूल्य में किया जा रहा है।

अज्ञात ट्रक ने मोटर साइकिल सवारों को मारी टक्कर दो मृत एक घायल

बोड़ला/नवप्रदेश। रायपुर जबलपुर एनएच 30 में चिल्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत चिल्फी से 10 किलो मीटर दूर धवई पानी व पागवाही के बीच में आज शनिवार 3रू00 से 4रू00 के बीच एक मोटरसाइकिल व अज्ञात ट्रक की जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई वहीं एक घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चिल्फी थाना के पैंथर 1 व पैंथर टू डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंच तीनों को आपात चिकित्सा हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला लाया गया जहां 2 लोगों को डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया वही एक घायल का इलाज जारी है।

डायल 112 का सराहनीय योगदान

घटना की सूचना मिलते ही डायल 122 चिल्फी के आरक्षक राजेश लांझे, राकेश साहू व चालक दिनेश साहू व सुखदेव ने समय लगाते हुए तत्परता दिखाते हुए तत्काल घटनास्थल पर पहुंच घायलों को आपात चिकित्सा की आवश्यकता समझते हुए जल्द से जल्द अस्पताल उपलब्ध कराया लेकिन सिर में गंभीर चोट होने की वजह से वह 2 लोगों की जान नहीं बचा पाए।

एम पी बैल छोड़ने गए थे

घटना के विषय में और मिली जानकारी के अनुसार ग्राम घिरघोसा थाना पिपरिया जिला कवर्धा के नारायण चंद्रवंशी व उनके जीजा तथा प्रकाश झारिया ग्राम जैता टोला बोड़ला से ये सभी मध्य प्रदेश के गांव से बैल को छोड़कर वापस आ रहे थे उसी दौरान विपरीत दिशा से आती हुई ट्रक ने धवई पानी व पागवाही के बीच मोड में उनके मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी जिससे नारायण चंद्रवंशी व उसके जीजा की मौत हो गई ।वहीं प्रकाश झारिया जो कि गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना तत्काल परिजनों को दे दी गई थी घायल व्यक्ति के परिजन अस्पताल भी पहुंच गए हैं और मृत व्यक्ति के परिजन भी अस्पताल पहुंच रहे हैं।

पिछले शनिवार 3 लोगों की गई थी जान

पिछले बार भी एन एच30 में यही पागवाही के पास 3 लोगों की मौत भी मोड़ में बोलेरो व ट्रक की टक्कर से हुई थी जिसमें बोड़ला के नायब तहसीलदार व उनके दो दोस्तों सहित तीन लोगों की जान गई थी।इस बार भी शनिवार को ही पहले हादसे के घटनास्थल से महज 200 से 300 मीटर की दूरी पर घटित हादसे में 2 लोगों की जान गई ।इस प्रकार लगभग एक ही स्थान में हफ्ते में 5 लोगों की जान सड़क हादसे में चली गई है।

विधायक शिवरतन ने जुडो चैम्पियन का किया उद्घाटन

भाटापारा/नवप्रदेश। मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी में इंटर क्लब जूडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन विधायक एवं मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी के संरक्षक शिवरतन शर्मा ने किया।

इस अवसर पर मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच सुरेश राव के द्वारा शाल एवं 101 खिलाड़ियों के द्वारा 101 नारियल से विधायक का सम्मान किया विधायक श्री शर्मा ने 10 लाख की राशि स्पोर्ट्स क्लब को देने की घोषणा की..उक्त अवसर पर राकेश तिवारी (जिला महामंत्री भाजपा), परमानंद सचदेव (पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी), सुनील यदु (अध्यक्ष जिला युवा मोर्चा भाजपा), गोपाल देवांगन (पार्षद), आशीष पुरोहित (पार्षद), विजय यादव (जिला प्रशिक्षण प्रमुख भाजपा), आशीष टोडर (शहर अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा), शेखर ठाकुर, पीताम्बर साहू, रवि वर्मा, धन्नू यादव आदि उपस्थित थे।

इस चैंपियनशिप में भारतीय जूडो महासंघ के जूडो ब्लैक बेल्ट अभय केशरवानी, भीषम वर्मा, शुभम तिवारी, राहुल शर्मा, यशवंत ध्रुव तथा नेशनल खिलाड़ी विभांशु मिश्रा के द्वारा ऑफिसियल किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी केसंचालक सुरेश राव के द्वारा किया गया।

महिला मोर्चा ने मंत्री कवासी लखमा के बयान के खिलाफ जताया रोष

गलत बयानबाजी के विरोध में सड़क पर उतरकर करेगी जमकर विरोध

गरियाबंद। भारतीय जनता पार्टी जिला महिला मोर्चा के नेताओं ने भाजपा की छत्तीसगढ़ प्रभारी डी पुरंदेश्वरी के खिलाफ छत्तीसगढ़ के मंत्री कवासी लखमा द्वारा दिए गए अनर्गल बयान को लेकर सख्त ऐतराज जाहिर करते हुए कहा है कि कांग्रेस के मंत्री अमर्यादित हो गए हैं, इसीलिए महिलाओं के बारे में गलत बयानबाजी करने से बाज नहीं आ रहे हैं, इसका महिला मोर्चा जमकर विरोध करेगी। कहा कि जरूरत पड़ी तो महिला मोर्चा मंत्री के विरोध में सड़क में भी उतरेगी।

भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीमती अंजू नायक, जिला महामंत्री बिंदु सिन्हा, शीतला पांडेय, देवसिर सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, पुष्पा साहू, रेणुका साहू, खि़रमनी हरपाल, जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, तोकेश्वरी मांझी, नेहा सिंघल, संतोषी श्रीवास्तव, गुलेश्वरी ठाकुर, मंजुलता गुप्ता, अनिता यादव, श्रुति धुरवा, चित्ररेखा ध्रुव, तारिणी ध्रुव, पदमा यदु, सुनीता झारिया, सरला उइके, शांति कोसरे, कुमारी पटेल, अहिल्या मांझी, हेमलता ध्रुव, सीमा जांगड़े, प्राची कूटारे इत्यादि महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री के अशोभनीय बयान की निंदा की है।

जिला अध्यक्ष श्रीमती अंजू नायक ने कहा कि गत दिनों कांग्रेस के मंत्री कवासी लखमा द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी डी पुरंदेश्वरी के लिए की गई अभद्र टिप्पणी फूलन देवी जैसे शब्द बोलकर मातृशक्ति का उपहास किया है। छत्तीसगढ़ सहित जिले में कांग्रेस की सरकार में महिलाओं से संबंधित अपराध की घटनाओं में वृद्धि हुई है। महिलाओं के साथ हो रहे अनाचार, दुष्कर्म, बलात्कार जैसे अपराध पर मंत्रीगण चुप्पी साधे रहते हैं और मातृशक्तियों पर ऐसी घिनौनी टिप्पणी करते हैं, जो सरासर गलत है।

रोशी चौबे ने फिर किया राजनांदगांव को गौरवान्वित

आईएससी 12वीं बोर्ड में अव्वल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर के सम्मानित वरिष्ठ जन विष्णु नंद (बिल्लू) चौबे की सुपुत्री कु. रोशी चौबे ने एक बार फिर अपने शहर, शाला, माता-पिता एवं परिवार जन का नाम गौरवान्वित किया है। रोशी चौबे ने आईएससी बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी शाला के साथ-साथ शहर में आईसीएसई बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रोशी चौबे बचपन से ही बहुत होनहार छात्रा रही है एवं पढ़ाई में उत्कृष्टता के साथ कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भी देश का नाम रोशन कर चुकी है। बास्केटबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेसिफिक स्कूल गेम्स एडिलेड ऑस्ट्रेलिया में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में भारत का नाम रोशन कर चुकी है। बास्केटबॉल खेल में गवर्नमेंट ऑफइंडिया द्वारा मनोनीत हाई परफॉर्मेंस मैनेजर एवं अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच के. राजेश्वर राव, प्रशासनिक अधिकारी भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) एवं अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच श्रीमती के. राधा राव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त रोशी ने पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपना डंका बजाया है। रोशी की बचपन से ही आदत रही कि वह शाला में दिए गए होमवर्क को उसी दिन कंप्लीट कर लिया करती थी। कक्षा दसवीं में सीजी बोर्ड में 94 प्रतिशत प्राप्त कर टॉपर बनी रोशी चौबे ने आईसीएसई बोर्ड में प्रवेश लिया एवं आईसीएसई बोर्ड में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

आंगनबाड़ी केंद्रों को रंगोली, गुब्बारों और फूलों से सजाकर दिया सुपोषण का संदेश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के छुरिया विकासखंड के आंगनवाड़ी केंद्रों को रंगोलीए गुब्बारों और फूलों से सजाकर खुशनुमा वातावरण में वजन त्यौहार मनाया गया।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन ने वजन त्यौहार में पहुंचे बच्चों का तिलक लगाकर और आरती उतारकर स्वागत किया। वहीं प्रेरक पोस्टर तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए ग्रामीणों को सुपोषण के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया गया। वजन त्यौहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत तथा उनके आश्रित ग्राम झिथराटोला, बरेठटोला, दीवानटोला, घुसपाल, लाममेटा, गोपालपुर, बजरंगपुर, पैरीटोला, पेंड्रीडीह व भेजराटोला सहित कई गांवों में सुपोषण जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शून्य से पांच वर्ष तक बच्चों का वजन लेने के बाद उन्हें टॉफी बांटी गई। साथ ही 11 से 18 वर्ष की किशोरियों में एनीमिया जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हिमोग्लोबिन टेस्ट किया गया।

पौष्टिक खाद्य सामग्रियों का लुभावना स्टाल लगाया: प्रभारी सुपरवाइजर रेखा नेताम ने बताया, वजन त्यौहार में बच्चों के माता-पिता को बच्चों में सुपोषण के प्रति जागरुक करने का गंभीरतापूर्वक प्रयास किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे-ठेठरी, खुरमी, लड्डू, भुजिया, गुझिया, हलुआ, सोयाबीन बड़ी, गुड़-चना, अंकुरित मूंग, कुम्हड़ा भाजी, चेच भाजी, चरोटा भाजी, पालक भाजी, पपीता, केला, खीरा, जाम व नींबू आदि का लुभावना स्टाल लगाया। वहीं लाभार्थियों-पालकों को उक्त चीजों का सेवन ज्यादा से ज्यादा करने की सलाह दी गई, ताकि शिशु जन्म से ही कुपोषण से मुक्त यानी स्वस्थ रहे। गर्भवती महिलाओं को भी हरी सब्जियों एवं प्रोटीनयुक्त भोजन ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

व्यक्तिगत सूचना

रा.प्र.क्र. 202103101000126/345/अ-6/वर्ष 2020-21

प्रति,
गोपाल देवांगन पिता घनश्याम
निवासी- पुरानी बस्ती कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
पक्षकार- मुकेश कुमार साहू पिता बिरेन्द्र प्रसाद साहू निवासी-मेढवा नगवा चन्दौली (उ.प्र.)

विरूद्ध

अनावेदक- गोपाल देवांगन पिता घनश्याम
निवासी पुरानी बस्ती कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार साहू पिता बिरेन्द्र प्रसाद साहू निवासी-मेढवा नगवा चन्दौली (उ.प्र.) के द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19 अ रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 896/7 कुल रकबा 0.110 हे. में से रकबा 0.010 हे./102.23 वर्गमीटर भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता गोपाल देवांगन पिता घनश्याम निवासी- पुरानी बस्ती कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतः इस संबंध में आपको किसी प्रकार के दावा करना हो तो स्वयं या आपके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेशी दिनांक 27/07/2021 को दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/7/2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202103101080018

विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2020-21
कुरूद प.ह.नं. 00050 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - प्रदीप दुबे
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

हल्का पटवारी ग्राम कुरूद विषय जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत्।

आवेदक प्रदीप दुबे पिता स्व. दुलीचंद दुबे पता-जामुल द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19 अ रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 1051/37, 1366/46, 1367/42 रकबा 0.010 हे. है जो उसके पिता दुलीचंद दुबे पिता स्व. साधुराम के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दुलीचंद दुबे पिता स्व. साधुराम हो जाने के कारण मृतक अपने मृत्यु पूर्व आवेदक के पक्ष में वसीयतनामा निष्पादित किया था। भूमिस्वामी के मृत्यु हो जाने के कारण वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में आप जांच कर प्रतिवेदन पेशी दिनांक 29/07/2021 के पूर्व भिजवाना सुनिश्चित करें।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/03/2021 को जारी किया जाता है।

सील

YOGENDRA KUMAR VERMA
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

व्यक्तिगत सूचना

रा.प्र.क्र. 202103101000124/345/अ-6/वर्ष 2020-21

प्रति,
उधोराम पिता सुमेर
निवासी- बाजार चौक, भाटापारा कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
पक्षकार- श्रीमती दुलारी उमरे पति बलराम सिंह उमरे निवासी- घासीदार नगर वार्ड 27 भिलाई (छ.ग.)

विरूद्ध

अनावेदक-उघोराम पिता सुमेर
निवासी- बाजार चौक, भाटापारा कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती दुलारी उमरे पति बलराम सिंह उमरे निवासी-घासीदार नगर वार्ड 27 भिलाई (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19 अ रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 901/3 कुल रकबा 0.186 हे. में से रकबा 0.014 हे./1551 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता उघोराम पिता सुमेर निवासी-बाजार चौक भाटापारा कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के तरफ से आम मुख्त्यार ईतवारी राम देवांगन पिता स्व. फिरंगी राम देवांगन से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतः इस संबंध में आपको किसी प्रकार के दावा करना हो तो स्वयं या आपके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेशी दिनांक 27/07/2021 को दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/7/2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

व्यक्तिगत सूचना

रा.प्र.क्र. 202103101000123/345/अ-6/वर्ष 2020-21

प्रति,
श्रीमती हरजिन्दर कौर पति नरिंदर सिंह
निवासी- पंजाबी ढाबा फैमली रेस्टारेंट, आमानाका रायपुर
पक्षकार- श्रीमती बबीता सोनकर पति देवदास सोनकर, निवासी-कैलाश नगर कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

विरूद्ध

अनावेदक-श्रीमती हरजिन्दर कौर पति नरिंदर सिंह निवासी पंजीबी ढाबा फैमसी रेस्टारेंट, आमानाका रायपुर (छ.ग.)

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती बबीता सोनकर पति देवदास सोनकर निवासी कैलाश नगर कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19 अ रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 1577/24 कुल रकबा 0.02 हे. में से रकबा 0.01 हे./1200 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता श्रीमती हरजिन्दर कौर पति नरिंदर सिंह निवासी- पंजीबी ढाबा फैमली रेस्टारेंट, आमानाका रायपुर (छ.ग.) से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतः इस संबंध में आपको किसी प्रकार के दावा करना हो तो स्वयं या आपके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेशी दिनांक 27/07/2021 को दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/7/2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

व्यक्तिगत सूचना

रा.प्र.क्र. 202103101000125/345/अ-6/वर्ष 2020-21

प्रति,
घनश्याम आ. गजाधर अन्य 03
निवासी-वार्ड 16 पुरानी बस्ती कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
पक्षकार- श्रीमती हेमपुष्पा साहू पति गौकरण साहू निवासी- ग्राम असनारा, झण्डा चौक, पोस्ट देवादा, तह. पाटन (छ.ग.)

विरूद्ध

अनावेदक- घनश्याम आ. गजाधर अन्य 03
निवासी वार्ड-16 पुरानी बस्ती कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती हेमपुष्पा साहू पति गौकरण साहू निवासी ग्राम असनारा, झण्डा चौक पोस्ट देवादा तह. पाटन (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19 अ रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 946/2 कुल रकबा 1.186 हे. में से रकबा 0.014 हे./1559 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा आधार पर विक्रेता घनश्याम आ. गजाधर अन्य 03 निवासी वार्ड 16 पुरानी बस्ती कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के तरफ से आम मुख्त्यार श्रीमती सुशीला बाई पति गजाधर से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतः इस संबंध में आपको किसी प्रकार के दावा करना हो तो स्वयं या आपके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेशी दिनांक 27/07/2021 को दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/7/2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी सेजबहार रायपुर में दीनदयाल आवास योजनांतर्गत निर्मित एलआईजी भवन क्र.-850, श्री रामाधार शर्मा पिता स्व. श्री रामनारायण के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 6551 दिनांक 15.11.2006 के माध्यम से भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 10.02.2016 को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी श्री रामाधार शर्मा पिता स्व. श्री रामनारायण निवासी- द्वारा विनोद शर्मा दावड़ा कालोनी पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) की मृत्यु दिनांक 18.02.2018 को हो जाने के कारण उनके वारिसान सुश्री सुभाषिनी शर्मा पिता स्व. श्री रामाधार शर्मा पता- द्वारा विनोद शर्मा दावड़ा कालोनी पचपेड़ी नाका रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, पारिवारिक सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन सुश्री सुभाषिनी शर्मा पिता स्व. श्री रामाधार शर्मा के नाम पर पत्र क्रमांक 203 दिनांक 30.07.2019 के द्वारा मृत्यु उपरांत नामांतरण किया गया है। उक्त भवन को क्रेता (संयुक्त नाम) 1. श्रीमती बीना शर्मा पति स्व. श्री ऋषि शर्मा एवं 2. श्री देवेश शर्मा पिता स्व. श्री ऋषि शर्मा के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन का विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षा के संस्थान में ही भ्रष्टाचार का बोलबाला

अब तक कार्यवाही नहीं किया जाना उच्च अधिकारियों के संलिप्तता पर संदेह

जीवन एस साहू

गरियाबंद (नवप्रदेश)। स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी स्कूल में प्रतिनियुक्ति के नाम पर गड़बड़ी से लेकर खेलगढ़िया मामले तक सुर्खियों मे रहे तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी भारत तांडे । बतादें की तत्कालीन डीईओ भारत तांडे के हटने के बाद अब पूरे महकमे मे एक चर्चा का विषय बना हुआ है कि उनके किये गए खेलगढ़िया या अन्य कारनामे पर कार्यवाही होगी या फिर मामले को जांच का हवाला देकर किसी कोने मे दबा दिया जाएगा।

आपको बता दें कि 2018 में बनी कांग्रेस सरकार जैसे ही सत्ते मे आई तो उन्होंने खजाना खोलने का काम शुरू कर दिया। स्कूल शिक्षा विभाग में भी भारी भरकम बजट तय किया गया। अरसे बाद राज्य मे कांग्रेस की सरकार बनी तो सिस्टम भी नए तरीके से बने। पुराने सिस्टम में पैठ जमाकर बैठने वाले कारोबारी अलग हुए,और बड़े नेताओं के करीबी रहने वाले सिस्टम मे नए सिरे से घुसते चले गए ।

ऐसे मे बजट को व्यय मे फायदे के नए - नए मापदंड भी तय हुए या किए गए। जिला कार्यालय में फर्नीचर से लेकर स्कूलों मे फर्नीचर व ब्लैक बोर्ड के नाम पर डीईओ द्वारा पैसा पानी की तरह बहाया गया। नियम के मुताबिक क्रय नियमो का पालन होना था पर ऐसा किसी खरीदी में नही हुआ ?

कुछ यूं हुआ कि 3 हजार की

कुर्सी का 7 हजार बिलिंग हुई,100 से भी ज्यादा ब्लैकबोर्ड बाजार मूल्य से दोगुने दाम पर खरीदकर मैनपुर के गोदाम में फेंक दिए गए हैं,मामले उठे तो दबाने की भी सफल कोशिस हुई । मैनपुर विकासखंड मे हुए खेलगढ़िया भ्रष्टाचार के मामले मे भ्रष्टाचार जांच रिपोर्ट की जानकारी चार सदस्यीय टीम द्वारा दिए जाने पर भी जिला प्रशासन की कोई कार्यवाही नहीं देखी गई।

जबकि प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन दिनांक 5/8/2020 मे नियुक्त विभागीय जांच समिति जिनमे एल.एल.देवांगन सहायक परियोजना अधिकारी गरियाबंद, आर.पी.दास विकास खंड शिक्षा अधिकारी गरियाबंद,आर.पी.मिश्रा प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद तथा शिवकुमार नागे विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक गरियाबंद द्वारा जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपी गई है ।

जिसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के 41एवं 36 प्रधान पाठकों का कथन लिपिबद्ध कराया गया है। जिसमे प्राय सभी के द्वारा बयान दर्ज किया गया है कि खेलगढ़िया अंतर्गत उन्हें क्रमशः 5000 रुपये एवं 10000 रुपये की राशि प्राप्त हुई थी । खेलगढ़िया मद अंतर्गत प्राप्त राशि से संकुल समन्वयक बीआरसीसी एवं डीएमसी श्याम चंद्राकर के मौखिक निर्देशन मे स्मार्ट क्लास हेतु टीवी का क्रय स्थानीय फर्मो से किया गया है । अतिरिक्त अन्य आवश्यक राशि की पूर्ति अनुदान एवं इको क्लब की राशि से किया गया है।

बीआरसीसी मैनपुर के बैठक पंजी अनुसार दिनांक 27/2/2020 को संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया था । जिसमें डीएमसी श्याम चंद्राकर बीआरसीसी ए.आर. टाडिया सहित अन्य संकुल समन्वयकों के हस्ताक्षर पाए गए हैं । बीआरसीसी ए. आर.टाडिया द्वारा कथन दर्ज कराया गया है कि दिनांक 27/2/2020 के बैठक में जिला मिशन समन्वयक द्वारा खेलगढ़िया एवं अन्य मद से स्मार्ट क्लास एवं टीवी क्रय करने के लिए निर्देश दिया गया था । संकुल समन्वयक एवं प्रधान पाठकों के दर्ज कथन अनुसार बिंदुवार विवेचना जारी किया गया । जिसमे विकासखंड मैनपुर में कुल 23 संकुल केंद्र हैं जिसमें से 19 संकुल केंद्रों के समन्वयको का बयान दर्ज किया गया । उनके द्वारा प्रदत्त लिखित बयान के अनुसार उक्त संकुल केंद्रों में संचालित 200 प्राथमिक शाला एवं 95 माध्यमिक शालाओं को वर्ष 2019/20 मे प्रति प्राथमिक शाला को खेलगढ़िया एवं इक्को मद से क्रमशः पांच हजार एवं तीन हजार की राशि तथा प्रति माध्यमिक शाला को उक्त मदों में 10,000 रुपए एवं 9000 रुपए की राशि राज्य समग्र शिक्षा कार्यालय से सीधे प्राप्त हुए हैं।

तमाम बयानों के साथ जांच समिति के 4 सदस्यों द्वारा लेख करते हुए कहा गया है कि शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश अनुसार खेलगढ़िया योजना का मूल उद्देश्य खेल खेलने हेतु स्थानीय उपलब्ध संसाधनों से स्थानीय खेलों को बढ़ावा दिया जाना है। जिसका पालन कराए जाने की समस्त जवाबदेही संबंधित जिलाधिकारी की है । बावजूद इसके प्रारंभिक जांच के दौरान समक्ष में दर्ज बयान एवं उपलब्ध दस्तावेजों एवं साक्ष्यों के अनुसार जिला मिशन समन्वयक द्वारा उक्त योजना का समुचित क्रियान्वयन किए जाने के स्थान पर स्मार्ट क्लास हेतु खेलगढ़िया मद की राशि से टीवी क्रय किए जाने हेतु प्रोत्साहित कर योजना की मूल आकांक्षाओं को हतोत्साहित किया गया है । जिसके लिए प्रथम दृष्ट्या से विभाग के अधिकारी जिम्मेदार हैं।

204 नग हीरा के साथ आरोपी तस्कर गरियाबंद पुलिस के गिरफ्त में

नवपदस्थ एसपी पारूल माथुर ने तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के दिये है निर्देश

- आरोपी तस्कर देवभोग क्षेत्र से निकाले हीरे का खोज रहा था ग्राहक
- गरियाबंद पुलिस द्वारा हीरा तस्करों के विरूद्ध अभियान छेड़ अब तक 1316 नग हीरा किया गया है जप्त

गिरफ्तार आरोपी

नीलम दास कश्यप पिता देवी दास कश्यप उम्र 47 वर्ष साकिन ग्राम बुध्दुपारा थाना देवभोग जिला गरियाबंद

जप्त सामग्री

हीरा 204 नग कीमती 22 लाख रूपये, मोटरसायकल हीरो पैसन प्रो 01 नग, मोबाईल 01 नग

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। गरियाबंद पुलिस ने आज 204 नग हीरा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी हीरा बेचने की फिराक में था, सूचना मिलते ही मैनपुर पुलिस ने तस्कर को हीरा सहित धर दबोचा। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर के द्वारा जिले के कमान संभालते ही सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिये थे कि विभिन्न तस्करों, अवैध शराब, जुआ/सट्टा के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही करना है। इस अनुक्रम में थाना मैनपुर में हीरा तस्कर के खिलाफकार्यवाही की गई है।

मिली जानकारी अनुसार गरियाबंद एसपी पारूल माथुर को मुखबीर से सूचना मिला कि देवभोग क्षेत्र से एक हीरा तस्कर मोटर सायकल से मैनपुर की ओर हीरा बेचने जा रहा है। उक्त सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी मैनपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर घेराबंदी हेतु झरियाबाहरा की ओर रवाना किये। टीम द्वारा ग्राम बरदुला में किराना दुकान के पास मोटर सायकल क्रमांक ओ.डी. 08 एल 5877 में एक व्यक्ति आकर खड़ा था और संदिग्ध रूप से इधर-उधर देख रहा था। मैनपुर थाना प्रभारी सत्येन्द्र श्याम को शंका होने पर उस व्यक्ति को पुछताछ हेतु बुलाये, जिस पर वह व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेरा बंदी कर पकड़ा गया।

पुछताछ करने पर वह अपना नाम नीलम दास कश्यप उम्र 47 वर्ष ग्राम बुध्दुपारा थाना देवभोग का रहने वाला बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पेंट दाहिने जेब से एक कागज के पुड़िया मे लिपटा हुआ प्लास्टिक डिब्बा में हीरे जैसा कीमती पत्थर रखना पाया गया। गिनती करने पर 204 नग हीरा कीमत लगभग 22 लाख रूपये का होना पाया गया तथा मोटर सायकल सीजी ओ.डी. 08 एल 5877 को अपना होना बताने पर धारा 91 सीआरपीसी के तहत् वैध कागजात प्रस्तुत करने नोटिस दिया गया कोई भी कागजात नहीं होना बताने पर आरोपी का कृत्य धारा 379 भादवि 4(21) माइनिंग एक्ट का घटित करना पाये जाने पर पर विधिवत् गिरफ्तार कर थाना मैनपुर में अपराध क्रमांक 51/2021 कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर ने बताया कि जिले में तस्करों के खिलाफ एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहने वालों के खिलाफलगातार कार्यवाही की जायेगी। पूर्व में भी माईनिंग एक्ट, वन्यप्राणी अधिनियम, नारकोटिक्स एक्ट, आबकारी अधिनियम के अंतर्गत लगातार कार्यवाही की गई है, आगे भी लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। कार्यवाही में भाग लिये टीम को पुरूष्कृत किया जावेगा।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मैनपुर निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम, सउनि देवकुमार वर्मा , प्रधान आरक्षक विनोद नरेटी, अंगद राव, आरक्षक दिप्तनाथ प्रधान, चुड़मणी देवता, यादराम ध्रुव, सुशील पाठक, जयप्रकाश मिश्रा, दसरू नेताम, कपुरचंद नेताम, रविकांत ठाकुर, सतीश सोनकर, सैनिक पुरषोत्तम डहाटे की सराहनीय भूमिका रही।

गुरु नहीं दे रहा बच्चों को ज्ञान शिक्षा अधिकारी ने थमाया नोटिस

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कोरोना काल के चलते जहां बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने स्कूलो में ऑनलाइन शिक्षा सहित मोहल्ला क्लॉस के माध्यम से जहां शिक्षा प्रदान करने शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है, वही गुरु पूर्णिमा के दिन भी शिक्षा के गुरु बच्चों को शिक्षा देते नहीं मिले, शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी के आकास्मिक निरिक्षण के दौरान ग्राम अमलीडीह और राजानवागांव मे शिक्षक मोहल्ला क्लास में अनुपस्थिति रहे, वहीं स्कूल में भी शिक्षक नदारत रहें। आसपास बच्चे भी दिखाई नहीं दिए। आखिरकार जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यवाही के लिए कड़ा रुख अख्तियार किया, ज्ञात हो कि कुछ दिनों पहले ही जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर जिले से स्थानांतरण होकर कबीरधाम जिले में शिक्षा अधिकारी का पदभार ग्रहण किया, वहीं पदभार ग्रहण करते ही इन्होंने जमीनी स्तर से शिक्षा की बुनियाद टटोलना चाहा, मसलन ना तो विद्यार्थी मिले और ना ही शिक्षक, आखिरकार ऐसी स्थिति में इन बच्चों के भविष्य का क्या होगा जो सोचनीय विषय बन रहा है।

दरअसल आने वाले समय में यही नन्हे बच्चे देश का भविष्य लिखेंगे, लेकिन जिनके कंधों पर इन बच्चों को पढ़ाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं अपने कर्तव्यों का निर्वाह सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। नतीजा आप जान सकते हैं कि कबीरधाम जिले की शिक्षा की स्थिति कैसी बनी हुई है, एक ओर जहां सरकार बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने छत्तीसगढ़ जिले के अंतर्गत कुछ जगहों में अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलकर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने अथक प्रयास कर रही है, वहीं अब शिक्षक अपने कर्तव्य से पीछे हटते नजर आ रहे हैं, जिला शिक्षा अधिकारी ने शनिवार को शिक्षकों को अनुपस्थित होने के कारण, कारण बताओ नोटिस जारी किया है, खैर परिणाम जो भी हो फिलहाल बच्चों की पढ़ाई तो अधर में लटकी हुई है। जब बच्चों की पढ़ाई ही पूरी नहीं होगी, तो बच्चे कैसे जिले का नाम रोशन कर पाएंगे और टॉप टेन में कैसे अपने जगह बना पाएंगे।

इस पूरे मामले में पहले कवर्धा विकासखंड के ग्राम अमलीडीह में नदारत रहे शिक्षक इस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कवर्धा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कवर्धा, संकूल स्त्रोत समन्वयक सहित शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह प्राचार्य, वही बोडला विकासखंड शिक्षका अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बोडला, संकूल स्त्रोत समन्वयक राजानवागांव, प्रधानपाठक, प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला राजानवागांव को 27 जुलाई मंगलवार को दोपहर 12 बजे उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

एड़िया रगड़ काम करने वाले मजदूरों को मजदूरी नहीं सरपंच सचिव ने खड़े किए हाथ

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। मुंडागांव पंचायत के सरपंच सचिव पर शासकीय राशि की बंदरबांट करने के साथ-साथ मजदूरों की मजदूरी भी गबन करने का आरोप लगाया जा रहा है। क्योंकि गर्मी में एड़िया रगड़ कर नाली निर्माण में मजदूरी किया गया लेकिन डेढ़ साल बीतने के बाद भी आज तक मजदूरी भुगतान नहीं हो पाया है ।जानकारी अनुसार मुड़ागांव के आश्रित ग्राम तेतलपारा पर 14वें वित्त मद के तहत करीब डेढ़ लाख की लागत से डेढ़ वर्ष पहले नाली निर्माण कराया गया। जहां करीब 24 मजदूरों ने कड़ी धूप में मजदूरी किया। ताकि को रोना काल में परिवार का भरण पोषण करने में राहत मिल सके। लेकिन सरपंच सचिव ने मजदूरों कि मजदूरी भुगतान पर भी कांटा मार लिया । क्योंकि नाली निर्माण की पूरी पूरी राशि आहरण के बाद भी मजदूरों की भुगतान नहीं किया गया है। जबकि कईयों बार मजदूरी भुगतान के लिए सरपंच सचिव के अलावा अधिकारी के समक्ष गुहार लगा चुके हैं। मजदूरों की माने तो तेतल पारा के वार्ड क्रमांक 12 में करीब 70 मीटर का नाली निर्माण कराया गया।

> अगर मजदूरों को मजदूरी भुगतान नहीं किया गया है तो सरपंच सचिव को मजदूरी भुगतान करने के निर्देश दिए जाएंगे
>
> **एमएल मंडावी ,** सीईओ

बकायादा इसकी राशि भी ऑनलाइन एफ टीओ के माध्यम से निकाल लिया। मगर अब तक मजदूरों का भुगतान नहीं हो पाया है ।और मजदूरों द्वारा मजदूरी भुगतान के सवाल करने पर तरह-तरह का बहाना बताकर पिछ्ले डेढ़ साल से घुमाया जा रहा है। जबकि 24 मजदूरों का लगभग 42000 की राशि आहरण होने की जानकारी बताई जाती है। जिसकी शिकायत जनपद कार्यालय पर कई बार किया जा चुका है। और आश्वासन के नाम पर मजदूरी भुगतान करने के निर्देश देने की बात कहकर जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। जिससे नाराज मजदूर अब जिला पंचायत सीईओ से शिकायत कर जल्द से जल्द मजदूर दिलाने की मांग करेंगे ताकि कड़ी धूप में एड़िया रगड़ कर काम की मेहनत आना मिल पाए।

गिरीश सी. दालाकोटी आज से छत्तीसगढ़ प्रवास पर

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। गिरीश सी. दालाकोटी, जो मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में बैंक ऑफ बड़ौदा के अंचल प्रमुख हैं, वे सोमवार से तीन दिवसीय छत्तीसगढ प्रवास पर आ रहे हैं जिसमें वे बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं धमतरी क्षेत्रों का दौरा करेंगे । इसी कडी में वे 26 जुलाई को बिलासपुर क्षेत्र का दौरा करेंगे । बिलासपुर क्षेत्र की स्थापना के बाद यह उनका पहला दौरा है । उन्होंने अपने करियर कि शुरूआत 1988 में एक बैंक अधिकारी के रूप में किया और विभिन्न क्षमताओं में देश भर में विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों में काम किया है। उन्होंने 24 जुलाई 2020 को भोपाल अंचल के अंचल प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्हें अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ देना बैंक और विजया बैंक के विलय के बाद, बैंक ऑफ बड़ौदा देश में तीसरे सबसे बड़े राष्ट्रीयकृत बैंक के रूप में उभरा है। वर्तमान में बैंक के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के दो राज्यों में 9 क्षेत्रीय कार्यालय हैं और 469 शाखाएँ हैं। बिलासपुर क्षेत्र की 12 जिलों में 50 शाखाएं हैं। उनकी यात्रा का प्राथमिक लक्ष्य उन सरकारी योजनाओं को बढ़ावा देना है जो सरकार ने जन कल्याण के लिए जारी की हैं जैसे कि पी.एम.स्वानिधि योजना, के.सी.सी., प्रधान मंत्री जन धन योजना के तहत ओवरड्राफ्ट खातों को जारी करना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधान मंत्री जीवन ज्योती बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि। अपने यात्रा के दौरान वह सभी शाखा प्रबंधकों एवं शाखाओं के कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और उन्हें सरकारी कल्याण योजनाओं में उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों में बढोतरी करने के लिए प्रेरित करेंगे।

किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा का विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन आज

गरियाबंद। भाजपा के कार्यकर्ता अब किसानों को समस्याओं को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफसड़क की लड़ाई लड़ेंगे। 26 जुलाई को जिले में विधानसभा स्तर पर राजिम और देवभोग में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। वर्तमान में व्याप्त खाद, बीज के संकट से किसान परेशान है। राज्य की कांग्रेस सरकार किसानों को खाद, बीज उपलब्ध नहीं करा पा रही है, वहीं जिले के अनेक क्षेत्रों में बिजली कटौती की जा रही है। इन मुद्दों को लेकर आयोजित धरना प्रदर्शन में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राकेश यादव ने जिले के कार्यकर्ताओं से विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाने का आग्रह करते हुए कहा है कि किसानों के हित में राज्य की सरकार काम नही कर रही है। इसके विरोध में भाजपा के कार्यकर्ताओं को सड़क की लड़ाई लड़नी पड़ेगी। श्री यादव ने कहा कि गरियाबंद जिले के किसान खाद और बीज के लिए भटक रहे हैं, लेकिन राज्य की कांग्रेस सरकार को किसानों की चिंता नही है।

ज्ञान का प्रकाश | बच्चों के साथ पालकों को भी कर रहे शिक्षित

'साहेब' की शिक्षा संवार रही जिंदगी, 150 अशिक्षितों को किया शिक्षित

ओमकार साहु

गंडई पंडरिया(नवप्रदेश)। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। इसको चरितार्थ कर रहे हैं वनांचल के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक साहेब लाल जंघेल। शिक्षा के क्षेत्र में अपने 37 साल के अनुभव का लाभ वह अब तक 150 अशिक्षित लोगों को दे चुके हैं। ऐसे लोगों की जिंदगी में शिक्षा का उजाला फैला रहे हैं जिन्हें क, ख भी नहीं आता था। दो साल पहले सेवानिवृत्त के बाद उन्होंने अशिक्षितों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया। यहीं नहीं, पेंशन के पैसे से गरीब बच्चों की पढ़ाई में मदद कर रहे हैं। गंडई निवासी 64 वर्षीय साहेब लाल जंघेल कटंगी के प्राथमिक शाला स्कूल से प्रधानपाठक पद से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त के बाद वह घर में आराम करने बजाय छात्रों को बिना शुल्क पढ़ाने लगे। साहेब लाल शिक्षा के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से

गांव के बच्चों को प्रेरित कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे हैं। गंडई व कटंगी के कई ग्रामीण ऐसे हैं, जो आक्षर थे, जिन्हें अपना नाम तक लिखना नहीं आता था। उन्होंने ऐसे ग्रामीणों की पहचान कर पढ़ाना शुरू कर दिया। अब वे साक्षर हो गए हैं। साक्षर ने के बाद अपना नाम लिखने के साथ पढ़ भी लेते हैं। साहेब लाल की नौकरी 25 वर्ष की उम्र में लग गई थी। नौकरी लगने के बाद उन्होंने सबसे पहले असाक्षरों को साक्षर करने का निर्णय लिया।

पर्यावरण से गहरा लगाव, पेड़ दे रहे छांव

सेवानिवृत्त प्रधान पाठक साहेब लाल जंघेल का पर्यावरण से भी गहरा लगाव है। यहीं वजह है कि कटंगी में उनके लगाए पेड़ आज ग्रामीणों को छांव दे रहे हैं। साहेब अब तक 250 से अधिक पौधारोपण कर चुके हैं। जिसमें से 102 पौधे पूर्ण रूप से पेड़ बन चुके हैं। वहीं कई पौधे पेड़ बनने की कगार पर हैं। ग्रामीणों को शुद्ध हवा और आक्सीजन मिले सके इसके लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जीवन के लिए पेड़ों का होना अधिक महत्व है। लोगों को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधा रोपण कर चाहिए। कोरोना काल ने लोगों को आक्सीजन की महत्व बता दी। लोग पौधारोपण कर भूल जाते हैं। पौधारोपण के बाद पौधों की सुरक्षा जरुरी है। ताकि उसके कोई नुकसान न पहुंचाए। आनेवाली पीढ़ी को आक्सीजन की कमी से बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण की जरुरत है।

नैतिक शिक्षा का पढ़ा रहे पाठः सेवानिवृत्त प्रधान पाठक साहेब लाल असाक्षरों के साथ-साथ प्राथमिक व मिडिल स्कूल के बच्चों को नैतिक शिक्षा का भी पाठ पढ़ा रहे हैं। बच्चों को नशापान, बीड़ी, सिगरेट, तबांकू, गुडाखू, शराब, पाउच गुटखा व अन्य नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले हानिकारकों को बता रहे हैं। साथ ही बच्चों को इन सब से दूर रहने की सीख दे रहे हैं। यहीं नहीं गरीब बच्चों की पढ़ाई में सहायता करने से भी वे पीछे नहीं रहते। यदि किसी बच्चे को कापी, किताब, पेन व अन्य समाग्री की जरुरत है तो उसे खरीदकर दे देते हैं। ताकि बच्चों का मन पढ़ाई में लगा रहे।

> शिक्षा मनुष्य के जीवन का आधार है। समाज में शिक्षित व्यक्ति का एक अलग ही पहचान और स्थान होता है। इसलिए लोगों को शिक्षित होना बहुत जरुरी है। साथ ही लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी गंभीर होने की जरुरत है। पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधा रोपण करने की जरुरत है। तभी आने वाली पीढ़ी को शुद्ध आक्सीजन मिल पाएगी।
>
> **साहेब लाल जंघेल,** सेवानिवृत्त प्रधान पाठक